दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 । अंक: 273 जयपुर, बुधवार, 11 सितंबर, 2024 । भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-अष्टमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल आएंगे जोधपुर दौरे पर



**जोधपुर।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार प्रातः 11.10 बजे जोधपुर आएंगे। रक्षा मंत्री प्रातः 10 बजे पालम एयरपोर्ट, दिल्ली से वायुयान से रवाना होकर प्रातः 11.10 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट पर प्रातः 11.15 से दोपहर 1.15 बजे तक वायुसेना के युद्ध अभ्यास कार्यक्रम में शरीक होंगे व युद्ध अभ्यास का अवलोकन करेंगे। रक्षा मंत्री दोपहर 1.15 बजे एयरपोर्ट से उम्मेद भवन पैलेस के लिए प्रस्थान करेंगे व दोपहर 1.30 से 2.30 बजे उम्मेद भवन पैलेस में ठहरेंगे। रक्षामंत्री दोपहर 2.30 उम्मेद पैलेस से एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे व एयरपोर्ट से दोपहर 2.50 बजे वायुयान से प्रस्थान करेंगे।

### फोन टैपिंग: केंद्र के खिलाफ मुकदमा लिया वापस

**जयपुर।** भजन लाल शर्मा सरकार ने बड़ा निर्णय लेते हुए गजेंद्र सिंह शेखावत फोन टैपिंग मामले में केंद्र सरकार के खिलाफ दायर मुकदमा वापस ले लिया। ये मुकदमा अशोक गहलोत सरकार ने दायर किया था। एक अहम कानूनी कदम उठाते हुए भजनलाल सरकार ने गजेंद्र सिंह शेखावत के फोन टैपिंग मामले में केंद्र सरकार के खिलाफ पिछले सरकार द्वारा दायर मुकदमा वापस लेने का आवेदन दायर करते हुए राजस्थान के अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने कहा कि मुकदमे में कोई मेरिट नहीं है और इसे वापस लिया जाना चाहिए। -पेज 2 भी देखें

### प्रदेश में फसल खराबे के सर्वे के आदेश जारी



**भीलवाड़ा।** किसान आयोग के अध्यक्ष सीआरचौधरी ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश में फसल खराबे के सर्वे के आदेश जारी कर दिए हैं। जिलों में जल्द गिरदावरी शुरू हो जाएगी। वे जयपुर से डूंगरपुर जाते समय कुछ देर के लिए भीलवाड़ा रुके थे। यहां भाजपा कार्यकर्ताओं से चर्चा कर रहे थे। आयोग अध्यक्ष चौधरी ने किसानों को आ रही समस्याओं के साथ भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा भी की।

**मौसम:** प्रदेश में इस सीजन में अब तक कुल 641.6 एमएम बारिश हुई

# राजधानी में शाम को कई इलाकों में तेज बारिश, सड़कें लबालब

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में बारिश का दौर फिलहाल जारी है। राजधानी जयपुर में मंगलवार शाम को अचानक मौसम का मिजाज बदला। सुबह जयपुर और आसपास छितराई बारिश के बाद शाम को शहर के कई इलाकों में तेज बारिश हुई। इसके कारण कई मुख्य मार्गों पर जाम लग गया, जिससे वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर में मंगलवार शाम को तेज हवाओं के साथ 22 गोदाम, सिविल लाइंस, सोडाला, टोंक रोड, सहकार मार्ग, लालकोठी, जेएनएल मार्ग सहित कई इलाकों में बारिश सेसड़कों पर पानी भर गया।



@ पाली

### प्रदेश में अब तक 405.7 मिमी औसत से 58 फीसदी अधिक बारिश दर्ज

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार राजस्थान में सामान्य से 58 फीसदी ज्यादा बारिश (मानसून में अब तक) हो चुकी है। राजस्थान में मानसून सीजन में (1 जून से 9 सितंबर तक) अब तक औसत बरसात 405.7 एमएम. होती है, जबकि इस सीजन में अब तक कुल 641.6 एमएम. हो चुकी है।

### सर्वाधिक वर्षा कुशलगढ़ में 114 एमएम

जलसंसाधन विभाग के अनुसार मंगलवार को सबसे ज्यादा बारिश बांसवाड़ा के कुशलगढ़ में 114 मिमी दर्ज की गई। इसके अलावा बांसवाड़ा के सज्जनगढ़ में 60, अजमेर में 50, भीलवाड़ा के आसींद में 60, सहाडा में 60, डूंगरपुर के गणेशपुर में 78, चूरू में 71, पाली के देसूरी में 60, बाली में 53, शाहपुरा के बैनाड़ा में 90, सिरोही के माउंट आबू में 65 और जयपुर के चाकसू में 61 मिमी बारिश दर्ज की गई। बहरहाल, प्रदेश पर इंद्रदेव की मेहरबानी बनी हुई है।

### मौसम विभाग का अपडेट

इधर, मौसम विभाग के नए अपडेट के अनुसार पूर्वी राजस्थान में 11 सितंबर से भारी बारिश होने की संभावना है। वहीं राजस्थान के इन 4 संभाग में 11-13 सितंबर को कहीं-कहीं भारी व कहीं-कहीं अति भारी बारिश होने की प्रबल संभावना है। बंगाल की खाड़ी में बना डिप्रेशन मंगलवार को उत्तरी छत्तीसगढ़ के ऊपर पहुंच चुका है। उसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर आगे बढ़ने तथा कमजोर होकर वेल मार्क लो प्रेशर बनने की संभावना है। जिसके प्रभाव से पूर्वी राजस्थान के अनेक भागों में आगामी चार-पांच दिन मानसून सक्रिय रहने तथा भरतपुर, जयपुर, कोटा, अजमेर, उदयपुर संभाग के अनेक भागों में मेघगर्जन के साथ बारिश होने व कहीं-कहीं भारी बारिश होने की प्रबल संभावना है। पूर्वी राजस्थान में 11 सितंबर से भारी बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने तथा कोटा, भरतपुर, उदयपुर व जयपुर संभाग में कहीं-कहीं भारी वह कहीं-कहीं अति भारी बारिश 11-13 सितंबर को होने की प्रबल संभावना है।

**'राइजिंग राजस्थान' समिट:** दक्षिण कोरिया की दो दिवसीय यात्रा के बाद जापान पहुंचे सीएम भजनलाल

# युवाओं में रोजगार के लिए कौशल विकास जरूरी: CM

- कक्षाओं में सिखाई जा रही उन्नत एआई तकनीक का किया अवलोकन
- जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज ने की सीएम से मुलाकात

बेधड़क | सियोल/टोक्यो/ जयपुर

राजधानी जयपुर में होने वाले 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दक्षिण कोरिया के बाद मंगलवार को जापान पहुंचे। यहां सीएम का जोरदार स्वागत किया गया। जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज ने भी सीएम से मुलाकात की। इससे पूर्व दक्षिण कोरियाई कंपनियों ने राजस्थान में खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य सेवा, स्टोन्स, माइनिंग, एनर्जी स्टोरेज, कार्बन फाइबर उत्पादन जैसे क्षेत्रों में शामिल होने में रुचि दिखाई दक्षिण कोरिया यात्रा के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने सियोल टेक्निकल हाई स्कूल का दौरा किया। इस मौके पर राजस्थान से स्टोन्स का निर्यात बढ़ाने के लिए कोरियन स्टोन एसोसिएशन के साथ चर्चा भी हुई। वार्ता में सैमसंग हेल्थकेयर ने एआई-आधारित नए स्वास्थ्य सेवा उपकरण उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के साथ सहयोग करने में रुचि दिखाई। इसके अलावा एलएक्स इंटरनेशनल ने राज्य के माइनिंग सेक्टर में आने की इच्छा जताई है। इसी कड़ी में एक अन्य प्रमुख दक्षिण कोरियाई फर्म ह्योसंग कॉरपोरेशन भारत में स्थानीय स्तर पर कार्बन फाइबर उत्पादन करने पर विचार कर रही है।



जापान में सीएम का स्वागत



जापान में भारत के राजदूत के साथ सीएम।

### 9 दिसंबर से होगा समिट

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का आयोजन इस साल 9, 10 और 11 दिसंबर को राजधानी जयपुर में होगा। इसका आयोजन राजस्थान सरकार के तत्वाधान में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन (बीआईपी) और रीको के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका नोडल विभाग बीआईपी है। इस इन्वेस्टमेंट समिट के पहले इन्वेस्टर मीट, जो मुंबई में 30 अगस्त को आयोजित हुआ था, के दौरान राजस्थान सरकार ने विभिन्न कंपनियों के साथ 4.5 लाख करोड़ से अधिक के एमओयू साइन किया था।

### कोरियन स्टोन एसो. से राउंडटेबल डिस्कशन

इसके अलावा, राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने कोरियन स्टोन एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ एक राउंडटेबल डिस्कशन में भी भाग लिया, जिसमें तकनीकी सहयोग, राजस्थान में उत्पादित स्टोन्स की खरीद/वितरण और प्रदेश से निर्यात बढ़ाने पर चर्चा की गई।

### सियोल में तकनीकी हाई स्कूल का दौरा

मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने सियोल तकनीकी हाई स्कूल का भी दौरा किया और राजस्थान के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए दक्षिण कोरिया और राजस्थान स्किल एंड लाइवलीहुड्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के बीच आपसी सहयोग पर चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने छात्रों के बीच नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने वाली उल्लेखनीय पहलों, स्कूल के एडवांस्ड टेक्निकल सेंटर को भी देखा, छात्रों के साथ बातचीत की और कक्षाओं में सिखाई जा रही अत्यधिक उन्नत एआई तकनीक का अनुभव किया। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण है।

### समिट का उद्देश्य

इस मेगा समिट का उद्देश्य देश-विदेश की बड़ी-छोटी कंपनियों, और निवेशकों को राज्य में आकर काम करने के लिए आमंत्रित करना, प्रदेश में उद्योग-धंधे लगाने में मदद करना और अनय सुविधाएं मुहैया कराना है। इस ग्लोबल समिट के दौरान कृषि, अक्षय ऊर्जा, शिक्षा और कौशल, ऑटो और ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल्स), इंफ्रास्ट्रक्चर, केमिकल और पेट्रो-केमिकल, पर्यटन, स्टार्टअप, खनन और ईएसडीएम/आईटी और आईटीईएस सहित विभिन्न क्षेत्रों पर विशेष सत्र का आयोजन होगा।

**अजमेर में ट्रेन डिरेल करने की साजिश**

# जांच के लिए एसआईटी का किया गठन, FIR भी दर्ज

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के अजमेर में ट्रेन को पटरी से उतारने की साजिश को लेकर इसकी गहन जांच के लिए मंगलवार को बड़ा कदम उठाया गया। इस मामले की जांच के लिए अजमेर रेंज आईजी ने एसआईटी का गठन किया है। साथ ही, अजमेर पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसी भी मामले की जांच में जुटी है।

दरअसल, बीते रविवार की रात अजमेर के फुलेरा से अहमदाबाद रेल मार्ग से गुजर रही एक मालगाड़ी रेलवे ट्रैक पर रखे करीब 1 क्विंटल वजनी ब्लॉक से टकरा गई थी। ट्रेन के इंजन के तेजी से टकराने से ब्लॉक के टुकड़े-टुकड़े हो गए थे। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। निरीक्षण के दौरान आरपीएफ कर्मियों को एक बड़ा कंक्रीट ब्लॉक मिला, जिसका वजन करीब 1 क्विंटल था, जिसे ट्रेन को पटरी से उतारने के प्रयास में ट्रैक पर रखा गया था। यह मालगाड़ी फुलेरा से अहमदाबाद जा रही थी।

डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन (डीएफसीसी) कर्मचारी रवि बुंदेला और विश्वजीत दास ने मामले में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि "8 सितंबर की रात 10:36 बजे सूचना मिली कि ट्रैक पर सीमेंट का ब्लॉक रखा हुआ है। मौके पर पहुंचे तो पाया कि वह टूट कर गिरा हुआ है। एक किमी आगे एक और ब्लॉक टूट कर साइड में रखा हुआ था। ये दोनों ब्लॉक अलग-अलग जगह पर रखे हुए थे।

इसके बाद डीएफसीसी और रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) ने मिलकर सराधना से बांगड़ ग्राम स्टेशन तक पेट्रोलिंग की। इस दौरान स्थिति सामान्य पाई गई।" मांगलियावास पुलिस स्टेशन में यह प्राथमिकी दर्ज की है।



### प्रदेश में तीन बार हो चुके षड्यंत्र

इससे पहले पाली जिले में 23 अगस्त को और उससे पहले दो बार और 28 अगस्त को बांरा जिले में छबड़ा इलाके में ऐसी साजिश की जा चुकी है। छबड़ा में मालगाड़ी गुजरी तो पटरी पर रखी बाइक की चेसिस उसमें फंस गई थी। बाद में लोको पायलट ने मालगाड़ी रोकी और पुलिस को सूचना दी।

**उदयपुर:** वाणिज्य कर विभाग में एसीबी की बड़ी कार्रवाई

# जीएसटी का सहायक आयुक्त 8 लाख रुपए घूस लेते गिरफ्तार

**उदयपुर / जयपुर।** एसीबी ने मंगलवार को उदयपुर में बड़ी कार्रवाई करते हुए वाणिज्य कर विभाग के अधिकारी को 8 लाख रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इस मामले में एसीबी टीम रिश्वत के साथ गिरफ्तार अधिकारी से पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अधिकारी की पहचान वाणिज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त रविंद्र जैन के रूप में हुई है। जैन उदयपुर में जीएसटी के जॉइंट डायरेक्टर हैं। रविंद्र जैन को 8 लाख की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया है।

### घर और अन्य ठिकानों की तलाशी



एसीबी द्वारा रविन्द्र जैन के बैक खातों की तलाश की जा रही है। रिश्वत राशि के ट्रैप हुए जीएसटी के जॉइंट डायरेक्टर रविंद्र जैन के घर व अन्य ठिकानों पर तलाशी चल रही है। एसीबी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार एसीबी की उदयपुर (इन्टेलिजेंस) इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके रिसोर्ट का जीएसटी टीम द्वारा किए गए सर्वे रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई नहीं करने और आईटीसी क्लेम का फायदा करवाने की एवज में आरोपी रविन्द्र जैन संयुक्त आयुक्त, वाणिज्य कर विभाग द्वारा रिश्वत मांगी गई थी।

**भाजपा प्रदेश संगठन में बदलाव संभव**

# प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ दिल्ली में आला नेताओं से मिले... लौटते ही ऐलान!

- उपचुनाव के मद्देनजर नए चेहरों को मिल सकता है मौका
- कई मौजूदा पदाधिकारी नई टीम में भी रह सकते हैं बरकरार
- जातिगत और क्षेत्रीय समीकरणों पर विशेष फोकस

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश भाजपा में जल्द ही संगठनात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ पिछले दो दिनों से दिल्ली में केंद्रीय नेताओं से मुलाकात कर इस कवायद में जुटे हैं। बताया जा रहा है कि आगामी एक से दो सप्ताह के भीतर मदन राठौड़ अपनी नई टीम का एलान कर सकते हैं।

दूसरी ओर, प्रदेश में उपचुनाव को देखते हुए कार्यकारिणी में जातिगत और क्षेत्रीय समीकरण पर विशेष फोकस रखा जाएगा। टीम में कई नए चेहरों को मौका मिल सकता है। वहीं, कई मौजूदा पदाधिकारी फिलहाल टीम में बरकरार रह सकते हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने दिल्ली में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई आला नेताओं से मुलाकात की है। राठौड़ ने इसी कड़ी में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष से भी मुलाकात की।



### नए चेहरों के नाम पर दिल्ली से भी मुहर

जानकारी के अनुसार भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के दिल्ली दौरे के बाद जयपुर लौटते ही नई टीम की घोषणा हो सकती है। बताया यह भी जा रहा है कि नई टीम में शामिल होने वाले कई नए चेहरों पर दिल्ली से भी मुहर लग गई है। प्रदेश कार्यकारिणी से कुछ नेता आउट होंगे, उनकी जगह नए नेताओं को मौका मिलेगा। वहीं, कई मौजूदा पदाधिकारी नई टीम में भी बरकरार रहेंगे। उल्लेखनीय है कि बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ की नियुक्ति को करीब डेढ़ माह का समय हो चुका हैं। लेकिन उन्होंने अभी तक अपनी नई टीम का गठन नहीं किया हैं। माना जा रहा है कि राठौड़ की दोनों नेताओं से प्रदेश में संगठनात्मक बदलाव और उप चुनाव को लेकर चर्चा हुई हैं।

### विधानसभा की 6 सीटों पर होने हैं उप चुनाव

जातिगत और क्षेत्रीय समीकरणों को साधा जायेगा लोकसभा चुनाव में खाली हुई प्रदेश की 6 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों का ऐलान जल्द ही हो सकता है। ऐसे राठौड़ की नई टीम विधानसभा उपचुनाव को ध्यान में रखते हुए जातिगत और क्षेत्रीय समीकरणों को साधते हुए बनेगी। राठौड़ अभी बीजेपी के तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी की बनाई टीम के साथ ही काम कर रहे हैं। हालांकि मौजूदा हालात में मदन राठौड़ वर्तमान टीम में ज्यादा बदलाव नहीं करने वाले हैं।

### बदले जा सकते हैं जिलाध्यक्ष

बीजेपी में संगठनात्मक दृष्टि से 44 जिले और 7 मोर्चे हैं। प्रदेश की टीम के गठन के बाद इन जिलों में जिलाध्यक्ष भी बदले जा सकते हैं। वहीं, मोर्चा अध्यक्षों की भी नियुक्ति नए सिरे से होगी, लेकिन माना जा रहा है कि इस स्तर पर बदलाव में अभी समय लगेगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिलों में परिवर्तन मुख्यत: निकाय और पंचायत चुनावों को ध्यान में रखकर किया जाएगा।

**जरूरी खबर**

## विधानसभा स्पीकर से आलोक पारीक ने की मुलाकात



**जयपुर।** भाजपा के आलोक पारीक ने विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी से शिष्टाचार मुलाकात की। पारीक के साथ गौतम शाह पूर्व मेयर अहमदाबाद भी मौजूद रहे। पारीक ने प्रदेश में हो रही लगातार बारिश के कारण आमजन के अस्त व्यस्त जीवन,बारिश के कारण हो रहे गड्ढों व ड्रेनेज सिस्टम को लेकर चर्चा की। देवनानी ने इन समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर गौतम शाह पूर्व मेयर अहमदाबाद ने पारीक द्वारा भाजपा व प्रदेशवासियों के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

## जयपुर, जोधपुर और कोटा में रहेगा एक ही नगर निगम

**जयपुर।** सरकार प्रदेश में वन स्टेट वन इलेक्शन के साथ ही एक शहर, एक निकाय का मॉडल भी लागू करेगी। इसके तहत जयपुर, जोधपुर और कोटा में बनाए गए दो-दो नगर निगमों को खत्म करके एक ही रखा जाएगा। पिछली कांग्रेस सरकार ने इन शहरों में एक की जगह दो-दो नगर निगम बनाए थे। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने एक शहर एक निकाय लागू करने का दावा किया है। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने जयपुर में अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्य सरकार एक राज्य, एक चुनाव को लेकर मजबूती से डटी है और इसी दिशा में काम चल रहा है।

## अब कांग्रेस में नहीं शामिल होंगे कन्हैया मित्तल



**जयपुर।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के समय 'जो राम लाए हैं' गाने से मशहूर हुए भजन गायक कन्हैया मित्तल ने अपने बयान से यूटर्न लेते हुए कांग्रेस में जाने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि मैं नहीं चाहता कि किसी सनातनी का भरोसा टूटे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा कि सनातनियों की सुनेंगे, सनातनियों को चुनेंगे। चर्चा थी कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में बीजेपी से टिकट न मिलने से कन्हैया मित्तल नाराज थे। उनके कांग्रेस में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे थे। सोमवार को मेहंदीपुर बालाजी से मशहूर भजन गायक ने खुद एक वीडियो शेयर करके कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की संभावनाएं जताई थी।

### भजनलाल सरकार के प्रार्थना पत्र पर सुप्रीम कोर्ट ने दी अनुमति

# फोन टैपिंग मामले में केंद्र सरकार के खिलाफ केस वापस

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश की भजनलाल सरकार ने फोन टैपिंग मामले में केंद्र सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर केस वापस ले लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की एप्लिकेशन को मंजूर करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया हैं।

तत्कालीन गहलोत सरकार ने फोन टैपिंग से जुड़े मामले में दिल्ली पुलिस को राजस्थान में जांच से रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका दायर की थी। भजनलाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में प्रार्थना पत्र लगाकर कहा था कि यह मुकदमा मेरिट पर आगे नहीं चल सकता है। ऐसे में न्याय के हित में और न्यायालय का कीमती समय बचाने के लिए राज्य सरकार ने यह केस वापस लेना चाहती हैं।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राज्य सरकार पर फोन टैपिंग का आरोप लगाते हुए 25 मार्च, 2021 को दिल्ली क्राइम ब्रांच में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के तत्कालीन ओएसडी लोकेश शर्मा के खिलाफ केस दर्ज कराया था। गहलोत सरकार तब दिल्ली क्राइम ब्रांच को इस केस में जांच से रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट गई थी।





### गहलोत के समय दायर हुई थी याचिका

गहलोत सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाकर तर्क दिया था कि दिल्ली पुलिस के पास इस मामले की जांच का क्षेत्राधिकार नहीं है और केवल राजस्थान पुलिस को इस एफआईआर में जांच करनी चाहिए। ऐसे में दिल्ली पुलिस की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग गहलोत सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से की थी। यह मामला तभी से सुप्रीम कोर्ट में लंबित चल रहा है। फरवरी में सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई थी। उस समय राजस्थान सरकार ने कोर्ट से समय मांगते हुए कहा था कि वह मुकदमे को जारी रखना चाहती है कि नहीं, इस पर निर्णय लेगी। ऐसे में उसे कुछ समय दिया जाए।

### गजेंद्र सिंह ने लगाया था छवि खराब करने का आरोप

यह पूरा मामला साल 2020 के राजस्थान के सियासी संकट से जुड़ा हुआ है। तब लोकेश शर्मा ने मीडिया को एक ऑडियो क्लिप जारी की थी। इसमें कहा गया था कि सरकार को गिराने के लिए गजेंद्र सिंह नामक व्यक्ति, एक विधायक और एक दलाल की बातचीत इस ऑडियो क्लिप में है। इसी ऑडियो क्लिप के आधार पर तत्कालीन मुख्य सचेतक महेश जोशी ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, विधायक भंवरलाल शर्मा (अब दिवंगत हो चुके हैं) और दलाल संजय जैन के खिलाफ एसओजी में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह ने दिल्ली पुलिस में परिवाद देकर जनप्रतिनिधियों के फोन टेप करने और उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाया था। इस पर 25 मार्च, 2021 को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गहलोत के पूर्व ओएसडी लोकेश शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### महिला सशक्तीकरण और स्वावलंबन राष्ट्र निर्माण का आधार: दिया कुमारी

# 'शक्ति उत्सव' में किया सक्षम महिलाओं-युवतियों का सम्मान

**■ डिप्टी सीएम ने कहा-समाज की मानसिकता में लाना होगा परिवर्तन**

**बेधड़क | जयपुर**

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के अंतर्गत मंगलवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित शक्ति उत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तीकरण और स्वावलंबन, राष्ट्र निर्माण का आधार है।

केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तीकरण लिए बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, गैस सिलेंडर जैसे कई उपायों और योजनाओं से राज्य में महिलाओं का सशक्तीकरण हो रहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन अनुसार विकसित भारत के निर्माण में राज्य की महिलाएं भी अपना योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अच्छी सड़कों के निर्माण, आवास, पुरुषों के खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से भी महिलाओं का सशक्तीकरण हो रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं की सुरक्षा पर कार्य किया जा रहा है। दिया कुमारी ने कहा कि महिला सशक्तीकरण में मीडिया का योगदान भी अपेक्षित है। मीडिया को महिलाओं की उपलब्धियों के प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए महिलाओं के साथ ही पुरुषों की मानसिकता में भी बदलाव की आवश्यकता है। ऐसा करके की महिला सशक्तीकरण किया जाना संभव होगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से महिला सशक्तीकरण लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि महिला के सशक्तीकरण में पूरे परिवार का सहयोग और योगदान की आवश्यता होती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को किसी भी हाल में हार नहीं माननी चाहिए, महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि महिला उत्थान के लिए महिलाओं को ही आगे आना होगा, इसी से बदलाव आएगा।



### फोटो प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर आदिवासी महिलाओं की लगाई गई एक फोटो प्रदर्शनी का भी फीता काट कर उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी ग्रामीण महिलाओं की पोषण और शिशु देखभाल से जुड़ी समस्याओं पर केंद्रित थी, जिसमें किए गए हस्तक्षेपों के परिणामस्वरूप विविध आहार और बेहतर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार हुआ।




### अच्छे पोषण के साथ ही मानसिक सशक्तीकरण भी जरूरी

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने इस अवसर पर कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए उनके बेहतर स्वास्थ्य और अच्छे पोषण के साथ ही उनके मानसिक सशक्तीकरण होना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसी से बेहतर समाज का निर्माण संभव होगा। उन्होंने इस अवसर पर महिला सशक्तीकरण के लिए आईपीई ग्लोबल और सीआईएफएफ की ओर से किए जा रहे योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, 'सुपोषित भारत' की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रत्येक वर्ष सितंबर माह में पोषण माह का आयोजन किया जाता है। इसी के तहत राज्य में 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया गया है। महिला एवं बाल विकास शासन सचिव महेंद्र सोनी ने विभागीय योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि एक भी पात्र को योजनाओं के लाभ लेने से वंचित नहीं रहने देंगे। शक्ति की इस मशाल को जलाकर रखें और इस विकास यात्रा को निरंतर गति प्रदान करें।

### महिलाओं के जीवन में आया बदलाव

इस अवसर पर CIFF के फाउंडर सर क्रिस होन ने कहा कि आज हम सिर्फ इस साझेदारी का ही उत्सव नहीं मना रहे हैं, बल्कि यहां की महिलाओं के जीवन में जो बदलाव आया है, आज हम उसकी खुशियां भी बांट रहे हैं। 2015 से हमने महिलाओं और लड़कियों को अधिक अवसर देने के लिए शुरू की गई कुछ पहलों पर लगभग 570 करोड़ रुपए का निवेश किया है। हमारे इन निवेश में कैश ट्रांसफर के लिए तकनीकी सहायता और कौशल विकास जैसी पहल शामिल हैं। अकेले राजपुष्ट कार्यक्रम ने पांच लाख महिलाओं को शामिल किया है। ये सिर्फ कार्यक्रम नहीं हैं, ये बदलाव के ब्लूप्रिंट हैं जिन्हें पूरे भारत और दुनिया भर में अपनाया जाना चाहिए। सीआईएफएफ की कार्यकारी निदेशक मंजुला सिंह ने कहा कि राजस्थान सरकार के साथ मिलकर हमने जो काम किए हैं और लोगों की जिंदगी में हम जो बेहतर बदलाव लेकर आए हैं, उस पर हमें बहुत गर्व है। लड़कियों और महिलाओं पर CIFF का यह फोकस वैश्विक स्तर पर हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारा मानना है कि जब लड़कियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य और रोजगार मिलता है, तो समाज पर इसका एक बड़ा असर पड़ता है। यह समाज में बदलाव लाता है और देश के विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करता है।

भव्य सामुदायिक सम्मेलन शक्ति उत्सव में महिला एवं बाल विकास की उपलब्धियों को साझा करने वाली 'फील्ड की चॅम्पियन्स' "चयनित सफल/ सक्षम महिलाओं और युवतियों" को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पोषण और स्वास्थ्य संबंधित जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'सुरक्षित मां-स्वस्थ बच्चा' जागरूकता अभियान का शुभारंभ भी किया गया।

### बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने जैसी स्थिति

# अफसरों, राजनेताओं के नेक्सस ने फैलाया आतंक: विजयवर्गीय

**बेधड़क | जयपुर**

मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय ने पश्चिम बंगाल के हालात पर ममता सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वहां स्थिति राष्ट्रपति शासन लगाने जैसी है। वहां लॉ एंड ऑर्डर जीरो है, महिलाएं बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है। विजयवर्गीय सोमवार को जोधपुर में एक निजी कार्यक्रम में आए थे। जोधपुर से रवाना होते समय उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में अधिकारियों, गुंडों और राजनेताओं का एक नेक्सस काम कर रहा है। इस नेक्सस ने पूरे प्रदेश के लोगों में आतंक फैला रखा है। बंगाल में चल रहे नेक्सस के जरिए अवैध वसूली, हत्याएं और रेप हो रहे हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल की पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि थानों में रिपोर्ट तक दर्ज नहीं की जाती। मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पश्चिम बंगाल की हालातों पर कहा कि वहां स्थिति राष्ट्रपति शासन लगाने जैसी है। उन्होंने ममता सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वहां लॉ एंड ऑर्डर जीरो है, महिलाएं बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में अधिकारियों गुंडों और राजनेताओं का एक नेक्सस काम कर रहा है।



### ममता को सीएम पद पर रहने का अधिकार नहीं

ममता पर जुबानी हमले में विजयवर्गीय ने कहा कि ममता बनर्जी को सीएम पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं। जहां महिलाएं सुरक्षित नहीं है, वहां महिला मुख्यमंत्री के पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। राष्ट्रपति शासन की बात पर विजयवर्गीय बोले कि वैसे तो यह विषय सरकार का है, मैं किसी तरह की टिप्पणी नहीं करुंगा, लेकिन जो हालात अभी पश्चिम बंगाल के है ऐसे में वहां राष्ट्रपति शासन लगना चाहिए।

## गृह सचिव को दिया ज्ञापन



**जयपुर।** प्रदेश में कारोबारियों के साथ हो रही लूटपाट की घटनाओं से दहशत का आलम है। अखिल राज्य ट्रेड एंड इंडस्ट्री एसोसिएशन ने एक मीटिंग कर इस वर्ष अब तक हुए घटनाक्रमों की स्थिति का विश्लेषण किया और इस तरह की बढ़ती घटनाओं को लेकर चिंता भी जताई। मीटिंग में विष्णु भूत, आशीष सर्राफ, कमल कंदोई, प्रेम बियाणी, सज्जन सिंह, कैलाश शर्मा, गिरिराज खंडेलवाल, संजय पाराशर, आनंद पोद्दार, दिनेश गुप्ता और राजीव सिंह सिसोदिया शामिल हुए। नीमराणा के होटल हाईवे किंग में जिस तरह का घटनाक्रम रविवार को हुआ और फायरिंग की गई, उससे पूरे प्रदेश का होटल एवं रेस्तरां व्यवसाय और टूरिज्म इंडस्ट्री ही नहीं बल्कि पूरा उद्योग-व्यापार जगत सहम गया है। आरतिया ने इस घटना को गंभीरता से लिया और त्वरित पहल करते हुए विचार मंथन किया। मीटिंग में आरतिया साथियों का सुझाव था कि राज्य की सीमाओं पर न केवल राष्ट्रीय राजमार्गों, बल्कि स्टेट हाईवेज और कनेक्ट सड़कों पर सख्त निगरानी की जरूरत है। बैठक के बाद आरतिया का एक प्रतिनिधिमंडल अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार से शासन सचिवालय में मिला और उन्हें एक ज्ञापन दिया। प्रतिनिधिमंडल में कमल कंदोई, आशीष सर्राफ, प्रेम बियाणी गिरिराज खंडेलवाल, सज्जन सिंह, कैलाश शर्मा और राजीव सिंह सिसोदिया शामिल थे।

### चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने बीकानेर मे कहा...

# बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**बेधड़क | जयपुर**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा बीकानेर जिला प्रभारी मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने मंगलवार को बीकानेर जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं और बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक अधिकारी इसकी गंभीरता समझते हुए पूर्ण जिम्मेदारी से कार्य करें। प्रत्येक घोषणा का समयबद्ध कार्यक्रम निर्धारित करते हुए शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला स्तर पर इन घोषणाओं की नियमित मॉनिटरिंग हो। आवश्यकता के अनुसार उच्च स्तर पर भी समन्वय रखा जाए।



बीकानेर प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिले में सोलर पार्क विकास से जुड़े कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से करें। इससे जिले में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

उन्होंने मातृ वन की स्थापना की प्रगति जानी और कहा कि मातृ वन में पौधारोपण के प्रति अधिक से अधिक जागरूकता लाएं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जन सहयोग से मातृ वन विकसित किए जाएं। ऐसे पौधे लगाएं, जो इस क्लाइमेट के अनुकूल हों।

### 90 घोषणाओं की विभागवार समीक्षा

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा बीकानेर जिला प्रभारी मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने बीकानेर जिले से संबंधित 90 घोषणाओं की विभागवार समीक्षा की और प्रत्येक घोषणा की स्थिति के बारे में जाना। उन्होंने बजट घोषणाओं से संबंधित भूमि आवंटन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए, जिससे क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घोषणा के क्रियान्वयन को नियमित फॉलो किया जाए। उन्होंने जिला अस्पताल के उन्नयन, इंजीनियरिंग कॉलेज को राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के रूप में विकसित करने, ई-बस संचालन के लिए टर्मिनल निर्माण, वन डिस्ट्रिक्ट वन स्पोर्ट्स, बालिका सैनिक स्कूल, वेद महाविद्यालय और स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना, एंटी रोमियो स्क्वायड के गठन और नए आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना सहित अन्य घोषणाओं की प्रगति जानी। चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह ने कहा कि मानसून के बाद सड़क बनाने और मरम्मत के कार्य प्राथमिकता से किए जाएं।

### प्रत्येक विस क्षेत्र के लिए तीन करोड़ मंजूर

प्रभारी मंत्री ने कहा कि गत दिनों हुई बरसात का तहसीलवार आंकड़ा उपलब्ध करवाया जाए। साथ ही बरसात के कारण सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों, कैनाल और घरों आदि को हुए नुकसान की रिपोर्ट दी जाए। साथ ही गिरदावरी रिपोर्ट भी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए, जिससे नियमानुसार सहायता राशि उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने जिले में उद्घाटन और लोकार्पण योग्य कार्यों की जानकारी ली और बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और प्रशासनिक कार्यालयों से जुड़े कार्यों के लिए तीन-तीन करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। संबंधित विधायक के माध्यम से इनकी अभिशंसा करवाई जाए। उन्होंने 17 सितंबर को होने वाले रोजगार उत्सव की तैयारी के बारे में जाना और कहा कि इसका आयोजन वृहद स्तर पर किया जाए। खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने कहा कि सीमांत क्षेत्र से जुड़ी बजट घोषणाओं की विशेष मॉनिटरिंग की जाए, जिससे स्थानीय लोगों को इनका अधिक से अधिक लाभ मिले।

## जरूरी खबर

### 4 ट्रक सामान जब्त, दस हजार रु. परिवहन शुल्क



**जयपुर।** हेरिटेज निगम की सतर्कता शाखा ने मंगलवार को अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार ट्रक सामान जब्त किया है। कार्रवाई के संबंध में सतर्कता शाखा उपायुक्त पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि निगम टीम ने बड़ी चौपड़ मेट्रो गेट नंबर 4, संजय सर्किल चांदपोल, सिंधी कैंप, जयपुर रेलवे स्टेशन गेट नंबर 1, कंवर नगर सब्जी मंडी, टी एन मिश्र मार्ग, गुर्जर की थड़ी तक कुल 25 स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटा दिया, साथ ही चार ट्रक सामान जब्त कर लिया। इस दौरान दस हजार रुपए परिवहन शुल्क की रसीद काटी गई है।

### वार्ड-गार्डन में सफाई नंबर वन हुई तो मिलेगा अवॉर्ड

**जयपुर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर होने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर हेरिटेज निगम ने तैयारियां पूरी कर ली है। इस संबध में नगर निगम हेरिटेज आयुक्त अभिषेक सुराणा में सभी शाखा और जोन उपायुक्त को वार्डो में जागरूकता कार्यक्रम और अन्य एक्टिविटी के लिए निर्देश दिए हैं। आयोजन के संबंध में आयुक्त अभिषेक सुराणा बताया कि स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत स्वच्छता में भागीदारी, सम्पूर्ण स्वच्छता व सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान का। मुख्य उद्देश्य जयपुर शहर को पूर्ण स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण की दृष्टि से हरा-भरा बनाना है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्वच्छता क्विज, पौधरोपण, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता रैली, का आयोजन किया जाएगा। वहीं निगम के RRR सेंटर पर कार्यक्रम किए जाएंगे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**4 साल से फरार कुख्यात तस्कर मुनियाद अली गिरफ्तार, इंटरपोल की मदद से लाया गया**

# खाड़ी देशों से भारत तक बनाया गोल्ड तस्करी का अवैध नेटवर्क

**बेधड़क** | जयपुर

चार साल से फरार खाड़ी देशों से भारत तक गोल्ड तस्करी का अवैध नेटवर्क तैयार करने वाला कुख्यात तस्कर मुनियाद अली पकड़ा गया। इंटरपोल की मदद से राष्ट्रीय जांच एजेंसीउसे यूएई से भारत ले आई है। मुनियाद चार साल से फरार था।

रेड कॉर्नर नोटिस जारी होने के बाद इनपुट मिला कि मुनियाद यूएई में है। यहां यूएई और आबूधाबी की टीमों की मदद से उसे पकड़कर भारत लाया गया। इसके बाद उसे एनआईए की टीम को सौंप दिया गया है। अब तक की जांच में सामने आया था कि मुनियाद इंटरनेशनल गोल्ड तस्करी के नेटवर्क में शामिल है। मुनियाद ने अपने साथियों के साथ मिलकर रियाद, सऊदी अरब से भारत में सोने की अवैध तस्करी का प्लान और नेटवर्क तैयार किया था। आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर पहले भी रियाद से जयपुर में सोने की तस्करी करवा चुका है।



### एयरपोर्ट से बस बाहर निकालना होता था गोल्ड

मुनियाद ने खाड़ी देशों में काम करने वाले लोगों को अपने सिंडिकेट में शामिल कर रखा था। मुनियाद वहां काम करने वाले भारतीयों को कमीशन का लालच देता था। उसने खाड़ी देशों से जयपुर, दिल्ली और कोलकाता तक नेटवर्क बनाया। पिछले कुछ सालों में जब इसे लगा कि दिल्ली और कोलकाता के एयरपोर्ट पर सख्ती बढ़ गई तो इसने जयपुर एयरपोर्ट को सेंटर बनाया। खाड़ी देशों से सोना लेकर आने वालों को केवल ये निर्देश दिए जाते थे कि उन्हें ये गोल्ड केवल एयरपोर्ट के बाहर तक पहुंचाना है।



### 2021 में जारी किया गया था रेड कॉर्नर नोटिस




दरअसल, एनआईए ने जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 3 जुलाई 2020 को तस्करी कर लाए गए सोने को जब्त करके सितंबर 2020 में केस दर्ज किया था। उस वक्त पकड़े गए एक गोल्ड तस्कर ने पूछताछ में मुनियाद के बारे में जानकारी दी थी। मार्च 2021 को रेड कॉर्नर नोटिस के लिए एनआई की विशेष कोर्ट में आरोप पत्र पेश किया गया था।एनआईए की अपील पर सीबीआई ने मुनियाद के खिलाफ 13 सितंबर 2021 को इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया था। मुनियाद की तलाश के लिए इसे दुनिया भर की सभी कानूनी एजेंसियों को भेजा गया था।

**UDH मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा-मुनेश को 24 घंटे में मिलेगी 'खुशखबरी'**


# मेयर के खिलाफ सारे सबूत, किसी भी परिस्थिति में बच नहीं सकती

**पहले निलंबन की कार्रवाई, उसके बाद बनाया जाएगा कार्यवाहक मेयर**

**बेधड़क** | जयपुर

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि सरकार के स्तर पर नगर निगम हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ सभी सबूत इकट्ठा कर लिए गए हैं। अब वह किसी भी परिस्थिति में नहीं बच सकती। पहले उनके निलंबन की कार्रवाई होगी। उसके बाद कार्यवाहक मेयर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेयर मुनेश गुर्जर को 24 घंटे में (बुधवार तक) 'खुशखबरी' मिल जाएगी।

मुनेश गुर्जर के खिलाफ जारी हुई अभियोजन स्वीकृति के बाद जयपुर में सियासी हलचल तेज हो गई है। बीजेपी पार्षद जहां नए मेयर को लेकर लॉबिंग में जुटे हुए हैं। वहीं, कांग्रेसी पार्षद भी मुनेश गुर्जर के निलंबन की मांग को लेकर लगातार यूडीएच मंत्री के संपर्क में है। मंगलवार को भी बीजेपी और कांग्रेसी पार्षद यूडीएच मंत्री से मिलने उनके आवास पर पहुंचे थे। जहां मंत्री ने मुनेश गुर्जर के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।





### पार्टी का फैसला सर्वमान्य: यादव

मेयर पद की दावेदार कुसुम यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। उसी के तहत भ्रष्टाचारी मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति दी गई है। वहीं, मेयर पद पर दावेदारी के सवाल पर यादव ने कहा कि पार्टी और संगठन का फैसला सर्वमान्य होगा।

### मेयर के पति की रिश्वत मामले में हुई थी गिरफ्तारी



मेयर मुनेश गुर्जर के पति सुशील गुर्जर की पट्टे बनाने की एवज में 41 लाख रुपए की रिश्वत मामले में गिरफ्तारी भी हुई थी। उन पर आरोप था कि पट्टे जारी करवाने के लिए दो दलालों के जरिए रिश्वत मांगी गई थी। सुशील के साथ दलाल नारायण सिंह और अनिल दुबे को भी गिरफ्तार किया था। उस वक्त एसीबी की ओर से मेयर के घर से तलाशी में पट्टे की फाइलें मिली थीं। इसके साथ ही 41 लाख रुपए भी मिले थे। वहीं, नारायण सिंह के घर से भी 8.95 लाख रुपए मिले थे। तब से ही एसीबी की ओर से इस पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### चालान पेश करने के लिए दिया 2 सप्ताह का समय

राजस्थान हाईकोर्ट ने मुनेश गुर्जर के खिलाफ चालान पेश करने के लिए 2 सप्ताह का समय दिया। कोर्ट में मुनेश गुर्जर के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी देने की रिकॉर्ड पर लेकर सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। जस्टिस एनएस ढड्डा ने यह निर्देश सोमवार को सुधांशु सिंह ढिल्लन की याचिका पर दिया था।

**दस लक्षण महापर्व महोत्सव**

## आर्जव धर्म की पूजा के बाद तत्वार्थ सूत्र में समझाया जैन भूगोल



**बेधड़क** | जयपुर

जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में दस लक्षण महापर्व महोत्सव में आर्जव धर्म की पूजा भक्ति भाव के साथ की गई। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि प्रातः विधान मण्डल पाण्डुशीला पर शान्तिधारा राजेश गर्ग परिवार व नीरज अर्चना जैन परिवार ने तथा वेदी पर जिनेंद्र बाकलीवाल ने की। इसके बाद नित्य पूजन व आर्जव धर्म विधान पूजन शिखर चन्द किरण जैन द्वारा साज बाज के साथ अर्थ समझाते हुए कराई गई। विधान पूजन के बाद आर्जव धर्म के 108 जाप्य स्वाहा स्वाहा बोलते हुए किए गए। इधर, दिन में तत्वार्थ सूत्र की क्लास में तीसरे अध्याय की जैन भूगोल में स्वाध्याय प्रेमियों का उत्साह देखा गया। शाम को आरती के पश्चात छाया ठोलिया के निर्देशन में महिला मण्डल द्वारा जैन अन्ताक्षरी का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों व बड़ो सभी की भारी सहभागिता रही।

**जयपुर सेन्ट्रल जेल में तीन घंटे औचक सर्च**

## 150 पुलिसकर्मियों ने खंगाले बैरक

**बेधड़क** | जयपुर




एडिशनल डीसीपी ईस्ट के सुपरविजन में मंगलवार को 150 से अधिक पुलिसकर्मियों ने जयपुर सेन्ट्रल जेल में करीब 3 घंटे सर्च किया। जेलों में संदिग्ध वस्तु मिलने और जेल में मोबाइल भेजने में जेल स्टाफ की मिली भगत सामने आने पर यह कार्रवाई की गई। हालांकि, इस सर्च के दौरान पुलिस को कोई भी संदिग्ध वस्तु व मोबाइल फोन नहीं मिला। एडिशनल डीसीपी (पूर्व) आशाराम चौधरी ने बताया कि पुलिस की टीम मंगलवार दोपहर 2 बजे जयपुर सेन्ट्रल जेल पहुंची। 3 घंटे तक चले सर्च अभियान में जेल के हर बैरक को चैक किया गया। इससे एक बार तो कैदियों में हडकंप मच गया। जेल के बाहर भी पुलिस का जाब्ता तैनात रहा। पुलिसकर्मियों ने जेल की एक-एक बैरक और उनके सामान की जांच की। पुलिस को इस सर्च के दौरान जेल से कोई अवैध सामान जैसे मोबाइल, मोबाइल चार्जर, मादक पदार्थ नहीं मिला। उधर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जेल में इस तरह का सर्च अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**36 देशों के प्रतिनिधित्व मण्डल ने समझी कार्यप्रणाली**

## स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के कार्यों का दिया प्रजेंटेशन

**बेधड़क** | जयपुर



जयपुर स्मार्ट सिटी में पिंकसिटी को स्मार्ट बनाने के लिए चल रहे विभिन्न प्रोजेक्ट कायप्रणाली का मंगलवार को 36 देशों के प्रशासकीय अधिकारियों ने अवलोकन किया। इस दौरान जयपुर स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक सुराणा ने सभी अधिकारियों का स्वागत किया और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के कार्यों का प्रजेंटेशन दिया।

सीईओ अभिषेक सुराणा ने सभी विदेशी अधिकारियों को स्मार्ट सिटी के अभय कमाण्ड सेंटर का भी विजिट कराया और सेंटर की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। सीईओ सुराणा ने बताया कि भारतीय लोक प्रशासन संस्थान द्वारा गोवा में आयोजित चार सितम्बर से 17 सितम्बर तक चल रहे भारतीय तकनीकि और आर्थिक कॉआपरेशन के तहत 36 देशों के प्रशासकीय अधिकारियों ने शहर में स्मार्ट सिटी के तहत हो रहे विकास कार्यों के बोर में जाना। इस दौरान अधिकारियों ने विधानसभा स्थित म्यूजियम का भी दौरा किया।

**20 हजार किलो मिठाई का स्टॉक सीज**

# चासनी में मकोड़े... राजभोग-रसगुल्लों में आ रही थी बदबू

**एजेंसी** | जयपुर

रसगुल्ले में उपयोग होने वाली चासनी में मधुमक्खियां, मकोड़े पड़े थे। फैक्ट्री में तैयार केसर बाटी, रसगुल्ला और राजभोग से हल्की बदबू आ रही थी। यह हालात देखने को मिले जब मंगलवार को फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की टीम ने जालसू तहसील के भीलपुरा सिरसली गांव में विनायक मिल्क फूड प्रोडक्ट के नाम से संचालित मिठाई बनाने के कारखाने पर छापा मारा। टीम ने मौके पर सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भिजवाएं और वहां तैयार 20 हजार किलोग्राम मिठाइयों का स्टॉक सीज किया। ये मिठाइयां बाजार में बेचने के लिए पैक की हुई थी।



### इन नामों से बेचे जा रहे थे उत्पाद

अतिरिक्त आयुक्त ने बताया कि बाजार में ये उत्पाद जैन स्पंजी केसर बाटी, सुदामा केसर बाटी, विनायक रसगुल्ला, प्लेन रसगुल्ला, बीकानेरी श्री राम रसगुल्ला, श्री राम ताजा रसगुल्ला, विनायक राजभोग समेत अन्य नाम से बेचा जाता है।



### मिठाइयों के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजे

अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि हमें शिकायत मिल रही थी कि यहां अनियमितताएं बरती जा रही है। जांच के लिए टीम पहुंची, तो देखा यहां बहुत बुरी स्थिति है। पूरी फैक्ट्री में अजीब-सी गंदी बदबू आ रही थी। जगह-जगह कीड़े, मक्खियां दिख रहे थे। रसगुल्ले में उपयोग होने वाली चासनी में मधुमक्खियां, मकोड़े पड़े थे। फैक्ट्री में तैयार केसर बाटी, रसगुल्ला और राजभोग को जब देखा और सूंघा तो उसमें से हल्की बदबू आ रही थी। इसके बाद इन मिठाइयों के सैंपल लेकर उनको जांच के लिए लैब भिजवाए। इसके साथ ही यहां तैयार 20 हजार किलोग्राम माल जो बाजार में बिकने के लिए जा रहा था उसे सीज किया।



## जरूरी खबर

### 51 ट्रांसजेंडर ने ली भाजपा की सदस्यता



**जोधपुर**। भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत मंगलवार को महापौर दक्षिण वनिता सेठ के अगुवाई में 51 ट्रांसजेंडरों ने बीजेपी की सदस्यता ली। महापौर सेठ के सरदारपुरा स्थित कार्यालय पर कांता भुआ के नेतृत्व में 51 ट्रांसजेंडर बीजेपी की सदस्यता लेने पहुंचे। भाजपा के शहर महामंत्री मनीष पुरोहित ने बताया कि इसके बाद सभी ट्रांसजेंडर ने मिस कॉल के माध्यम से सदस्यता अभियान में अपनी भागीदारी निभाई।

### रिश्वत मामले में ASI व सिपाही निलंबित

**भीलवाड़ा**। अनुशासन के मामले में भीलवाड़ा जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने सख्ती दिखाई है। उन्होंने रिश्वत राशि लौटने के मामले में गिरफ्तार एएसआई और फरार कांस्टेबल को निलंबित कर दिया है, वहीं गैरहाजिर चल रहे एक सिपाही को बर्खास्त कर दिया। मेले के दौरान शराब के नशे में ड्यूटी करने पर भी एक सिपाही को निलंबित किया। भीलवाड़ा एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि एसीबी ने 1 सितंबर को गुलाबपुरा 29 मिल पुलिस चौकी के प्रभारी नेतराम जाट को पांच लाख की घूस लेकर उसमें से एक लाख रुपए लौटाते हुए पकड़ा था। इसी मामले में वाहन चालक कांस्टेबल रफीक खान ट्रैप की भनक लगते छुट्टी पर चला गया था।

### खेत में पहुंचा 12 फीट लंबा मगरमच्छ



**कोटा**। सांगोद रोड पर गलाना गांव के नजदीक सोयाबीन के खेत में करीब 12 फीट लंबा और 200 किलो से ज्यादा वजनी मगरमच्छ पहुंच गया। इसकी सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और वीरेंद्र सिंह हाडा सहित अन्य लोगों ने इसका रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के दौरान मगरमच्छ को खेत से सड़क तक लाना काफी मशक्कत भरा काम था। ऐसे में उसे रस्सियों व बल्लियों के जरिए बांधा गया, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से सड़क तक करीब 400 मीटर लाया गया है। इसके बाद इसे क्रोकोडाइल व्यूप्वाइंट पर छोड़ा गया। इसके अलावा कोटा शहर के बोरखेड़ा में पुलिस थाने के नजदीक खाली प्लॉट में भी एक 6 फीट लंबा मगरमच्छ नजर आया है।

## हंगामेदार रही श्रीगंगानगर जिला परिषद की मीटिंग

# MLA के सम्मान में खड़े नहीं हुए अफसर, मीटिंग में हुआ हंगामा

**बेधड़क** | श्रीगंगानगर

जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक हंगामेदार रही। बैठक में विधायकों के प्रॉटोकॉल का पालन नहीं किए जाने को लेकर खासा विवाद हुआ।

इस विवाद को शांत करने के लिए अधिकारी को माफी तक मांगनी पड़ी। बैठक में श्रीकरणपुर के विधायक रूपिंद्र सिंह कुन्नर और अनूपगढ़ की विधायक शिमला नायक विशेष रूप से उपस्थित थे, लेकिन अधिकारियों द्वारा विधायकों के प्रोटोकॉल में खड़े न होने पर मामला गरम हो गया। श्रीकरणपुर विधायक रूपिंद्र सिंह कुन्नर ने अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जाएगा तो ऐसे नहीं चलेगा." उनके इस बयान के बाद माहौल में तनाव बढ़ गया और थोड़ी देर के लिए बैठक में हंगामा होने लगा।

इसके बाद एक्सईएन रमेश मदान ने अधिकारियों की ओर से प्रोटोकॉल में खड़े न होने पर माफी मांगी, इसके बाद मामला शांत हुआ।

इस दौरान उप जिला प्रमुख सुदेश मोर, जिला परिषद सीईओ मृदुल सिंह और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।



### बार-बार बिजली गुल होने से भी नाराज हो गए MLA

जिला परिषद की बैठक में बार-बार बिजली गुल होने की समस्या से भी जनप्रतिनिधियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। श्रीकरणपुर विधायक रूपिंद्र सिंह कुन्नर ने इसे लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी और कहा कि जिला परिषद की बैठक को मजाक बना रखा है। यहां दो जनरेटर होने के बावजूद बार-बार बिजली गुल हो रही है। यह समस्या भी बैठक में अव्यवस्था का कारण बनी, जिससे कई जनप्रतिनिधि असंतुष्ट नजर आए।

### बैठक में जिला प्रमुख के मनोनयन का विरोध

जिला प्रमुख कविता रेगर की अध्यक्षता में चल रही इस साधारण सभा की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इसमें सरकार द्वारा जिला प्रमुख के मनोनयन को गलत बताया गया। कांग्रेस के कई जनप्रतिनिधियों ने इस मनोनयन का विरोध किया और इसे पर्ची से प्रमुख बनाने का आरोप लगाया। इससे कुछ दिन पहले भी साधारण सभा की बैठक हुई थी, जिसका कांग्रेस के नेताओं ने विरोध कर दिया था। जिला परिषद में 27 सदस्य कांग्रेस के और 4 सदस्य भाजपा के हैं, लेकिन सरकार ने भाजपा की कविता रेगर का जिला प्रमुख के लिए मनोनयन कर दिया, जिसका कांग्रेस विरोध कर रही है।

## करीरी-गाजीपुर गांव के भैरवजी लक्खी मेले में उमड़ा जनसैलाब

# कुश्ती दंगल देखने का जुनून... हजारों दर्शकों से अटे पहाड़

■ 2 लाख 11 हजार के लिए लड़ी गई आखिरी कुश्ती


**बेधड़क** | गंगापुरसिटी

समीपवर्ती गांव करीरी गाजीपुर में स्थित आस्थाधाम श्री भैरव बाबा के मंदिर में मंगलवार को भादव माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी पर मेले जैसा माहौल देखने को मिले।

दूरदराज से आए भक्तों ने श्री भैरवजी महाराज के दर्शन कर अपनी व अपने परिजनों की खुशहाली के लिए मन्नतें मांगी। श्री भैरव जी महाराज के जयकारों से दिन भर पावन धाम गुंजायमान होता रहा। इस अवसर पर आयोजित दंगल में देश भर से पहलवान पहुंचे और 500 से अधिक पहलवानों ने 300 से ज्यादा कुश्तियों में भाग लिया।

गंगापुरसिटी जिले के टोडाभीम में हर वर्ष की तरह इस बार भी करीरी-गाजीपुर के श्री भैरवजी के मेले पर कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ। कुश्ती की शुरुआत 101 रुपए के मैच से हुई। वहीं आखिरी मुकाबला 2 लाख 11 हजार रुपए के लिए हुआ।

इस दौरान कुल 300 कुश्ती के मैच हुए। इस दौरान कुश्ती देखने आए लोगों से पूरी पहाड़ी ढक गई। कुश्ती दंगल को देखने के लिए इतनी भीड़ उमड़ी कि हर कोई हैरान रह गया। दोपहर बाद से दंगल देखने के लिए यहां भीड़ जुट गई, जिसे जहां जगह मिली वह वहीं बैठ गया।





### कई प्रदेशों से आए पहलवान

दंगल में शामिल होने के लिए राजस्थान के कई जिलों के अलावा दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश सहित अन्य राज्यों के पहलवान आए। दंगल में 500 से अधिक पहलवानों ने हिस्सा लिया और 300 से अधिक कुश्तियां लड़ी गईं। कुश्ती की शुरुआत 100 रुपए से शुरू हुई और फिर यह लगातार बढ़ती गई। आखिरी कुश्ती 2 लाख 11 हजार रुपए की हुई। इसमें सुखबीर सिंह पहलवान हरियाणा व निशांत पहलवान हरियाणा के बीच मुकाबला हुआ। इसमे दोनों पहलवानों के बीच बराबरी का मुकाबला रहा।

### खीर पुए का भोग लगा

टोडाभीम उपखंड क्षेत्र के ग्राम करीरी गाजीपुर में स्थित प्रसिद्ध लोक देवता श्री भैरवजी मंदिर में मंगलवार को सप्तमी के दिन वार्षिक लक्खी मेले का आयोजन किया गया। इसमें गंगापुर सिटी, अलवर, करौली, दौसा, भरतपुर, सवाइमाधोपुर क्षेत्र सहित कई प्रांतों से आए श्रद्धालुओं ने पहाड़ की चोटी पर स्थित श्री भैरवजी महाराज के दर्शन कर खीर पुए का भोग लगा कर अपने घर परिवार सहित देश प्रदेश एवं क्षेत्र में खुशहाली की मनौती मांगी। इस दौरान मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं द्वारा भैरवजी महाराज के गगनभेदी जयकारों से समूचा माहौल भक्तिमय हो गया।



### सुरक्षा व्यवस्था रही चाकचौबंद

मेले के दौरान गांव करीरी में मंदिर के आसपास दुकानें सजीं दुकानों से श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारी की। वहीं मेले में बच्चों ने खिलौने, झूला, जंपिंग जैसे मनोरंजनों के साधनों के साथ मेले का जमकर लुफ्त उठाया। मेले में सजी सुहाग की दुकानों से भी महिला श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी भी की। इस अवसर पर करीरी गांव के हर घर में श्रद्धालुओं को प्रसादी की व्यवस्था की गई, जहां दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। बाहर से आने वाले भक्तों के लिए गांव में दो जगह भंडारा भी लगाया गया। मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा कई थानों के जाप्ता व सैकड़ो की संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया।

## कोर्ट ने 2 लाख का अर्थ दंड भी लगाया

# कलियुगी बाप को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**बेधड़क** | बारां



विशिष्ट न्यायालय पॉक्सो क्रम-2 की विशेष न्यायाधीश सोनिया बेनीवाल ने बेटी से दुष्कर्म के मामले में फैसला सुनाते हुए 36 वर्षीय अभियुक्त पीड़िता के पिता को उसके शेष प्राकृत जीवनकाल के लिए आजीवन कारावास और 2 लाख रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है। विशिष्ट लोक अभियोजक हरिनारायण सिंह ने बताया कि 15 वर्षीय पीड़िता ने अपनी एक पड़ोसी महिला के साथ अटरु थाना में उपस्थित होकर वर्ष 2022 में इस आशय की मौखिक रिपोर्ट दी थी।

रिपोर्ट में पीड़िता ने आरोप लगाया था कि जब वह 5 वर्ष की थी, तब उसकी मां का देहांत हो गया था। तब से पिता के साथ हम भाई-बहन रहते आए हैं। 4-5 माह पहले एक रात जब भाई-बहन और पिता सो रहे थे, तब आरोपी पिता ने बेटी को जगाया और विरोध करने के बावजूद संबंध बना लिए। तब से आए दिन पिता, बेटी के साथ संबंध बनाता रहा। एक दिन परेशान होकर पीड़िता ने सारी आपबीती पड़ोसी महिला को बता दी।इस आधार पर एक प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई। इस पर अटरू थाना ने 376, 376 (2) (एफ)(एन) आईपीसी एवं 3/4, 5(1)(एन)/6 पॉक्सो एक्ट में दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया। संपूर्ण अनुसंधान के बाद अटरू थाना ने आरोपी मुलजिम के विरुद्ध उपरोक्त धाराओं में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 14 गवाहों के बयान न्यायालय में लेखबद्ध और कुल 29 दस्तावेज प्रदर्शित कराए गए।अभियोजन द्वारा प्रस्तुत गवाह और दस्तावेजों के आधार पर प्राकृत जीवनकाल के लिए आजीवन कारावास और 2 लाख रुपए के जुर्माने से दंडित किया गया। मुलजिम गिरफ्तारी के बाद से ही न्यायिक अभिरक्षा में चल रहा था। विशिष्ट लोक अभियोजक हरिनारायण सिंह ने यह भी बताया कि पीड़िता को जुर्माना की राशि प्राप्त करने के अतिरिक्त पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत 5 लाख रुपए अलग से देने की अनुशंसा की है, जो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बारां द्वारा पीड़िता को देने का निर्धारण किया जाना है।

## 10-10 हजार के अर्थ दंड से भी किया दंडित

# हत्या के तीन आरोपियों को उम्र कैद की सजा

**धौलपुर**। अपर जिला सेशन एवं सत्र न्यायाधीश ने मंगलवार को एक फैसला सुनाते हुए हत्या के तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने सजा सुनाते हुए तीनों आरोपियों को 10-10-10 हजार के अर्थ दंड से भी दंडित किया है।

अपर लोक अभियोजक केके शर्मा ने बताया कि 3 वर्ष पूर्व 12 मई, 2021 को राजाखेड़ा थाना क्षेत्र के नगोरा गांव में बिजली के तार डालने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। इस झगड़े के बाद हुई मारपीट में घायल हुए युवक लाखन सिंह की तीन दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले को लेकर अपर जिला सेशन एवं सत्र न्यायाधीश सावित्री निर्भीक आनंद ने तीन आरोपी इंद्रपाल उर्फ इंद्र (41) पुत्र केदार, पदम सिंह (42) पुत्र केदार और प्रमोद (25) पुत्र पदम सिंह को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सभी दोषियों को आजीवन कारावास की सजा के साथ 10-10 हजार के अर्थ दंड से भी दंडित किया गया है।

## विधायक रवींद्र सिंह भाटी की पहल

# 80 बुजुर्गों को हरिद्वार तीर्थ यात्रा के लिए किया रवाना

**बेधड़क** | बाड़मेर

जिले के शिव से निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने बुजुर्गों को अपने खर्चे पर तीर्थयात्रा करवाने की अच्छी पहल की है। इस कड़ी में मंगलवार को बुजुर्गों की यात्रा टोली को ऋषिकेश एक्सप्रेस ट्रेन से हरिद्वार के लिए रवाना किया गया। इससे पहले भाटी ने बाड़मेर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर विधायक भाटी ने कहा कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र के बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करवाएंगे। भाटी ने कहा कि वे बुजुर्गों के आशीर्वाद से ही यहां तक पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को बुजुर्गों को हरिद्वार में गंगा स्नान और देव दर्शन करवाए जाएंगे। युवाओं को संदेश देते हुए विधायक ने कहा कि अपने बड़े बुजुर्गों का सम्मान करें और अपने संस्कारों से जुड़े रहें। खास बात यह है कि विधायक भाटी बुधवार को स्वयं हरिद्वार में इन बुजुर्गों के साथ मौजूद रहेंगे।



### छात्र जीवन से हुई राजनीति की शुरुआत

रविंद्र सिंह भाटी ने विधानसभा और लोकसभा में निर्दलीय चुनाव लड़कर अपना दम दिखाया है। लोकसभा चुनाव में उनको हार मिली, लेकिन सोशल मीडिया और प्रदेश में जबरदस्त फैन फॉलोइंग बढ़ती ही गई। उनकी राजनीतिक शुरुआत छात्र राजनीति से हुई और अब वह विधानसभा तक पहुंच गए हैं।




### अपने विधानसभा क्षेत्र में कर रहे हैं नवाचार

शिव विधायक ने कहा कि मैं बेटा बनकर सेवा करना चाहता हूं। बेटे का नैतिक कर्तव्य होता है कि अपने बुजुर्गों की तीर्थ यात्रा करवाएं। चुनाव के समय कहा भी था कि भी बुजुर्ग हैं, जो जाने के लिए सक्षम नहीं हैं। उनको हरिद्वार ले जाकर स्नान करवाना मेरी जिम्मेदारी है। ऐसी यात्रा आगे भी चलती रहेगी। शिव विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए अलग-अलग पहल करने का काम कर रहे हैं। कुछ माह पहले स्टूडेंट्स को विधानसभा का भ्रमण करवाया था और अपने क्षेत्र के युवाओं के लिए जर्मन भाषा सिखने के लिए फ्री कोचिंग शुरू की है। जर्मनी से बड़ा निवेश होगा और वहां के एक्सपर्ट भारत आएंगे, ऐसे में स्थानीय युवाओं को इसका लाभ मिलेगा।

## दौसा में नाबालिग से दरिंदगी

# वीडियो बना किया ब्लैकमेल और सामूहिक दुष्कर्म

**दौसा**। दौसा में एक नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। लालसोट के मंडावरी थाना इलाके में दो युवकों ने 16 साल की नाबालिग लड़की का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता ने मंडावरी थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लालसोट डिप्टी एसपी उदय सिंह मीणा मामले की जांच कर रहे है। मंडावरी थानाधिकारी सुनील टांक ने बताया 1 सितंबर को नाबालिग लड़की ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें बताया कि पड़ोस में रहने वाले कालू मीणा और महेश मीणा ने करीब तीन साल पहले उसका नहाते हुए वीडियो बना लिया था। इन दोनों आरोपियों ने धमकी दी कि अगर उसने उनकी बात नहीं मानी, तो वे वीडियो को वायरल कर देंगे और उसे जान से मार देंगे। आरोप है कि पिछले तीन साल से दोनों आरोपी उसके साथ दुष्कर्म कर रहे थे। दोनों आरोपियों ने उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी थी। आरोपियों की धमकियों से परेशान होकर पीड़िता पिछले तीन महीने से अपने मामा के घर रह रही थी। पीड़िता ने बताया कि 28 मई को आरोपियों ने आखिरी बार उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इससे पहले भी दोनों आरोपी उसके साथ दरिंदगी कर चुके हैं।

### इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेट ऑफ इंडिया ने सीएजीपीटी और एकाउंटिंग स्टैंडर्ड जीपीटी पोर्टल बनाया

# स्टूडेंट्स को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से लर्निंग में होगी आसानी

बेधड़क | जयपुर

आज के समय में एजुकेशन के क्षेत्र में भी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग हर स्तर पर हो रहा है। इसमें अब सीए की पढ़ाई भी शामिल हो गई है।

इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेट ऑफ इंडिया ने नवाचार करते हुए सीए करने वाले स्टूडेंट्स और प्रोफेशनल्स दोनों के लिए एआई का उपयोग करते हुए सीएजीपीटी और एकाउंटिंग स्टैंडर्ड जीपीटी नाम से पोर्टल बनाए हैं। सीए जीपीटी के पोर्टल पर स्टूडेंट्स को काफी मेटेरियल पढ़ने को मिलता है, जबकि एस-जीपीटी पर प्रोफेशनल्स के लिए कई सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं, जिससे वर्किंग स्मार्ट हो सके और काम तेज हो सके।




### दस साल पुरानी जानकारी मिनटों में

आईसीएआई की जोधपुर ब्रांच अध्यक्ष पूजाधूत राठी ने बताया कि हमारे काउंसिल मेंबर्स काफी जागरूक हैं। उन्होंने सीए के कोर्स, सेलेबस और पैर्टन को भी बदला है। इसके आगे बढ़कर अब सीएजीपीटी के नाम से पोर्टल और एप बनाया गया है, जहां पर स्टूडेंट्स दस साल पुराने पेपर्स के पैर्टन को सेकेंडों में देख सकते हैं। इसमें जटिल प्रश्न और उनके उत्तर भी उपलब्ध करवाए गए हैं, जो उनके लिए काफी मददगार साबित हो रहे हैं, जबकि पहले इसके लिए स्टूडेंट्स को काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। इसे लगातार अपडेट भी किया जा रहा है। इसके अलावा मैंबर्स के लिए भी एकाउंटिंग स्टेंडर्ड जीपीटी में ऑडिट के दौरान की तकनीकी जानकारियां उपलब्ध करवाई गई हैं।

### टॉपिक रिपीट का आसानी से चलेगा पता

सीए जीपीटी स्टूडेंट्स के लिए खास तौर से इस बात को लेकर मददगार साबित हो रहा है कि इसमें वे यह जान सकते हैं कि कौन सा प्रश्न या टॉपिक कब-कब कितने समय के बाद रिपिट हो रहा है। पेपर पैटर्न कैसे बदल रहा है। इससे उनकी पढ़ाई और ज्यादा सटीक हो जाएगी। इसके अलावा आईसीएआई अब सीए फाइनल का रिजल्ट भी परीक्षा के दो से तीन दिनों में जारी करने की तैयारी कर रहा है, जिससे असफल होने पर स्टूडेंट्स का समय खराब ना हो और वो लगातार पढ़ाई से जुड़े रहे और अगले अटेंप्ट की तैयारी में जुट जाएं।

### साल में अब चार बार परीक्षा

आईसीएआई ने सीए फाइनल के अवसर भी बढ़ा दिए हैं। छात्रों को जहां पहले साल में दो बार परीक्षा देने का अवसर मिलता था। वहीं, अब इसे बढ़ाकर चार कर दिया गया है। आईसीएआई का यह मानना है कि जितने ज्यादा अवसर मिलेंगे उतना ज्यादा स्टूडेंटस के लिए फायदेमंद होगा। वे लगातार अपडेट रहेंगे और रिजल्ट में भी सुधार होगा। बता दें कि सीए फाइनल के रिजल्ट में बीस प्रतिशत के करीब ही स्टूडेंट्स पास होते हैं। अब चार बार परीक्षा होने से इसमें सुधार होने की उम्मीद है।

## Yuva स्टोरीज

### ग्रीन 'गॉर्जियन्स गाला' थीम पर हुई प्रतियोगिता



बेधड़क | जयपुर

जगतपुरा स्थित रायन इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को ग्रीन 'गॉर्जियन्स गाला' थीम पर इंटर स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसका उद्देश्य स्टूडेंट्स में रचनात्मकता एवं क्रियात्मकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत एक स्पेशल असेंबली के साथ हुई। रायन परिवार की ओर से सभी प्रतिभागियों का बड़े ही उत्साह के साथ स्वागत किया गया। जिससे स्कूल कैंपस में सौहार्द का माहौल बन गया। मोंटसरी और क्लास 1के नन्हें मुन्ने स्टूडेंट्स ने विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रतिभागिता दिखाई तथा साथ ही अन्य अतिथि स्कूल के स्टूडेंट्स भी काफी प्रसन्न दिखाई दे रहे थे। गतिविधियों के अंतर्गत लीफ एडवेंचर, रैंप वॉक द्वारा स्टूडेंट्स ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही इंटरएक्टिव स्ट्रेंजर हट में भी भाग लिया जिसके द्वारा स्टूडेंट्स ने अपने प्रदर्शन में आत्मविश्वास और रचनात्मकता का बखूबी प्रदर्शन किया। अपने द्वारा निर्मित कहानियों को दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया कार्यक्रम का समापन एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ जिसमें विजेताओं को उनकी उपलब्धियो के लिए सम्मानित किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल प्रीति गोयल ने स्टूडेंट्स के उत्साह के लिए उनकी सराहना की और उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### इग्नू बीएड प्रवेश के लिए काउंसिलिंग आज से

बेधड़क | जयपुर

इग्नू के क्षेत्रीय कार्यालय मानसरोवर जयपुर में इग्नू बीएड प्रवेश के लिए काउंसिलिंग बुधवार और गुरुवार को आयोजित कि जा रही है। वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. ममता भाटिया ने बताया कि दिनांक 11 सितम्बर को दिव्यागंजन वर्ग, समान्य वर्ग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए प्रातः 10.00 से प्रारम्भ कि जाएगी। वहीं, दिनांक 12 सितम्बर को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और आर्थिक पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए इग्नू बीएड काउंसलिग आयोजित कि जाएगी। इग्नू बीएड काउंसिलिंग जनवरी 2024 सत्र के लिए योग्य अभ्यर्थियों को ई-मेल और एसएमएस के माध्यम से सूचित कर दिया गया है।

### साथियों ने गरीब दोस्त को खुलवा दी टी-स्टॉल



**जयपुर।** झुंझुनूं जिले के बुहाना निवासी जीतू जिसने एमए बीएड तक की पढ़ाई कर रखी है। अभी राजस्थान विश्वविद्यालय में लॉ की पढ़ाई कर रहा है। जीतू काफी समय से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रोजगार प्राप्त करने का प्रयत्न कर रहा था। लेकिन रोजगार नहीं मिलने के कारण आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहा था। इस समस्या के बारे में उसने अपने दोस्तों को बताई तो दोस्तों ने मदद के लिए ठानी। इन्होंने मिलकर पैसे इकट्ठे कर स्टार्टअप के तौर पर जीतू को झालाना संस्थानिक क्षेत्र में पास टी-स्टॉल खुलवा दी। स्टॉल का पूरा सेटअप कर दोस्ती का तोहफा दिया।

टी-स्टॉल खुलने से जीतू को अब आर्थिक समस्या से छुटकारा मिला है साथ ही पढ़ाई में भी सहयोग मिला है। इस मदद पर जीतू ने सभी को कठिन समय में मदद के लिए धन्यवाद दिया है।

#### ग्रैंड पैरेंट्स डे का उत्साहपूर्वक आयोजन

### बुजुर्गों के प्रति व्यक्त किया सम्मान

**जयपुर।** मुरलीपुरा स्थित एन. के.पब्लिक स्कूल में क्लास 8 के स्टूडेंट्स ने अपने क्लास टीचर शुभम वर्मा के निर्देशन में ग्रैंड पैरेंट्स डे का उत्साहपूर्वक आयोजन किया। इस विशेष अवसर पर स्टूडेंट्स ने अपने दादा-दादी और नाना-नानी के प्रति अपने स्नेह और सम्मान को व्यक्त करते हुए कई आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की शुरुआत स्टूडेंट्स द्वारा 'तुझ में रब दिखता है' गीत पर मनमोहक प्रस्तुति से हुई।

#### स्टेट ओपन स्कूल की वर्कशॉप में बोले शिक्षा मंत्री

# समय बदलेगा, स्टेट ओपन स्कूल से निकलेंगे, IPS-IAS

बेधड़क | जयपुर

जयपुर के बिड़ला सभागार में राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के संदर्भ केन्द्रों के संस्था प्रधानों की ओरिएंटेशन वर्कशॉप हुई। इस दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने स्टेट ओपन स्कूल की कक्षा 10वीं और 12वीं मार्च-मई 2024 में आयोजित परीक्षा का परिणाम भी जारी किया।

शिक्षा मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में सटेट ओपन स्कूल से प्रदेश को आई आईपीएस, आईएएस मिलेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि यदि मजदूरी करनी है तो भी पढ़ना आवश्यक है, कोई भी काम करने के लिए शिक्षा आवश्यक है। इस बीच राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल निदेशक आशीष मोदी ने बड़ी जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि अब ऑन डिमांड एग्जामिनेशन की संभावनाओं को एक्सप्लोर किया जा रहा है।

कुछ छात्र चाहते हैं कि अपनी 10वीं 12वीं की डिग्री को जल्द से जल्द कंप्लीट कर लें। इसके लिए निष्पादन समिति ने प्रत्येक महीने जयपुर, बीकानेर और उदयपुर में ऑन डिमांड एग्जामिनेशन करवाने की प्लानिंग की है। इन तीन केंद्र पर 10 से ज्यादा अभ्यर्थी यदि उपलब्ध होंगे तो उस महीने वो एग्जाम करा दिया जाएगा। इसके लिए टेक्निकल इंटीग्रेशन और ऑन डिमांड एग्जामिनेशन के पेपर तैयार करने के लिए सॉफ्टवेयर बनाना है।

जैसे ही ये कार्रवाई पूरी होगी इसे लॉन्च कर दिया जाएगा। आशीष मोदी ने कहा कि स्टेट ओपन की पाठ्य सामग्री निःशुल्क ऑनलाइन उपलब्ध है। प्रवेश के लिए न्यूनतम या अधिकतम आयु सीमा की बाध्यता नहीं है। वर्ष में दो बार परीक्षा आयोजित होती है।

### ऑन डिमांड एग्जामिनेशन करवाने की प्लानिंग



### पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस ने नहीं करवाई बैठक

इस दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल का रिजल्ट सर्वोत्तम रहा है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जो अपेक्षा है कि जल्द ही हिंदुस्तान के लोगों को ज्यादा पढ़ा लिखा बनाएंगे, उस टारगेट में जरूर कमी रही है। इसके लिए और कोशिश करते। उन्होंने बताया कि स्टेट ओपन स्कूल के संदर्भ केंद्र भी शिक्षा विभाग के ही पार्ट हैं। इसलिए प्रभारी को शिक्षा विभाग से डेपुटेशन पर लगाया जाता है। ऐसे में संदर्भ केंद्रों की जो संख्या बढ़ाई है, तो उस हिसाब से शिक्षा विभाग से डेपुटेशन पर प्रभारी को भी लगाया जा रहा है। हालांकि पूर्ववर्ती सरकार ने इन संदर्भ केंद्र प्रभारियों का मार्गदर्शन नहीं किया। उनका प्रशिक्षण होना चाहिए था। आलम ये है कि 2018 के बाद अब जाकर निष्पादन समिति की बैठक हुई है। यदि बीते 5 सालों में निष्पादन समिति की बैठक होती, तो स्टेट ओपन स्कूल गति पहले ही पकड़ लेता।

### यहां भी महिलाएं आगे

कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा प्रियंका पंवार को मोबाइल पर शुभकामनाएं भी दी। साथ ही परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी परीक्षार्थियों को बधाई दी। स्टेट ओपन स्कूल कक्षा 10वीं का परिणाम 80।33 प्रतिशत और 12वीं का 63।09 प्रतिशत रहा। दोनों ही कक्षाओं में महिलाओं का पासिंग परसेंटेज पुरुषों की तुलना में बेहतर रहा। परीक्षा में प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहने वाली महिला परीक्षार्थी को मीरा पुरस्कार जबकि पुरुष परीक्षार्थी को एकलव्य पुरस्कार के तहत क्रमशः 21000 और 11000 रुपए का नकद पुरस्कार भी दिया जाएगा।

### खुद बनाएंगे पाठ्य सामग्री

स्कूल निदेशक आशीष मोदी ने बताया कि कुछ सब्जेक्ट में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूल के पाठ्यक्रम को अडॉप्ट कर रखा है। चूंकि ओपन स्कूल के छात्र कमजोर शैक्षणिक बैकग्राउंड से आते हैं, उनके लिए स्थानीय कार्यक्रम को समझना, पढ़ना और उसमें परीक्षा देना ज्यादा सुगम होगा। इस उद्देश्य से एनआईओएस के पाठ्यक्रम को रिप्लेस करके स्थानीय स्तर पर पाठ्य सामग्री बनवाई जा रही है।

### उल्लेखनीय योगदान के लिए शिक्षकों का सम्मान



बेधड़क | जयपुर

एस.एस.जैन सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय की प्रिंसिपल प्रो.रेणु जोशी एवं सहायक आचर्या डॉ रुचिका शर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। थार सर्वोदय संस्थान और सिम्पली जयपुर की ओर से जवाहर कला केंद्र जयपुर में आयोजित हुए 13वें प्रिंसिपल एंड टीचर्स अवॉर्ड-2024 समारोह में यह सम्मान दिया गया। बालिका शिक्षा प्रसार और शिक्षा के क्षेत्र मे रचनात्मक कार्यों के प्रोत्साहन के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में जम्मू, लखनऊ दिल्ली और राजस्थान के शिक्षकों का सम्मान किया गया।

#### आरपीएससी ने जारी की तारीख

### एप्लाइड आर्ट विषय के लिए साक्षात्कार 19 से

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 के अन्तर्गत एप्लाइड आर्ट विषय के 5 पदों के लिए साक्षात्कार 19 एवं 20 सितंबर को तथा लॉ विषय के 25 पदों के लिए साक्षात्कार 24 से 27 सितंबर तक आयोजित होंगे। आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति साथ अवश्य लाएं अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों ने विस्तृत आवेदन पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए हैं, वे अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर लें और उसे साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

### राजस्थान लोक सेवा आयोग ने बढ़ाई तिथि

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती-2024 एवं सहायक अभियंता संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2024 की ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 सितंबर रात 12 बजे तक कर दी है। विज्ञापन की शेष शर्तें यथावत रहेगी। आयोग सचिव ने बताया कि 5 अगस्त को राजस्थान राज्य अभियांत्रिकी सेवाओं के अन्तर्गत सहायक अभियंता के कुल 1014 पद तथा आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के लिए सहायक सांख्यिकी अधिकारी के 43 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया था। इसमें सहायक सांख्यिकी अधिकारी पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन अवधि 12 अगस्त से 10 सितंबर की रात्रि 12 बजे तक एवं सहायक अभियंता के पदों के लिए 14 अगस्त से 12 सितंबर की रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई थी। तकनीकी कारणों से उन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अवधि को बढ़ाया गया है।

#### विमोचन — डॉ. रुचि गर्ग ने अपनी किताब में जीएसटी के विभिन्न क्षेत्रों का किया विश्लेषण

# निर्वाण युनिवर्सिटी पब्लिकेशन्स की बुक लॉन्च की

बेधड़क | जयपुर

निर्वाण युनिवर्सिटी जयपुर में निर्वाण युनिवर्सिटी पब्लिकेशन्स की पुस्तक "भारतीय अर्थव्यवस्था पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का प्रभाव" का विमोचन युनिवर्सिटी के चैयरमेन डॉ. एस. एल. सिहाग और वाइस चैयरमेन डॉ.आर.के. अरोड़ा द्वारा किया गया।

निर्वाण युनिवर्सिटी की प्रतिष्ठित डॉ. रुचि गर्ग ने "भारतीय अर्थव्यवस्था पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का प्रभाव" शीर्षक से एक महत्वपूर्ण पुस्तक प्रकाशित की है। यह पुस्तक जीएसटी के विभिन्न क्षेत्रों पर प्रभावों का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करती है और यह छात्रों, शोधार्थियों, नीतिगत निर्माताओं, और व्यावसायिक जगत के लिए एक मूल्यवान संसाधन के रूप में कार्य करेगी है।



### शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण

इस पुस्तक से यह जानने को मिलेगा कि जीएसटी का भारतीय अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ा है। निर्वाण युनिवर्सिटी के चैयरमेन डॉ. एस. एल. सिहाग और वाइस चेयरमेन डॉ. आर. के. अरोड़ा ने कहा कि डॉ. गर्ग की यह पुस्तक युनिवर्सिटी की शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है और यह पुस्तक अर्थव्यवस्था को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### SKIT में 5 दिवसीय छात्र कार्यशाला का आयोजन



**जयपुर।** कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग, स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोथान, जयपुर द्वारा IQAC और PAQIC के तत्वावधान में "ब्लॉकचेन और वेब 3.0" पर पांच दिवसीय छात्र कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य ब्लॉकचेन और वेब 3.0 के बुनियादी सिद्धांतों को इसके अनुप्रयोगों से परिचित कराना है। प्रोफेसर डॉ. मेहुल महर्षि, एचओडी (सीएसई) ने प्रतिष्ठित वक्ता प्रांशु रस्तोगी, प्रमुख, इकोसिस्टम और इंटीग्रेशन, पुश प्रोटोकॉल, जयपुर, राजस्थान का स्वागत किया है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक टिप्पणियों में विज़न, मिशन और कार्यशाला के परिणामों पर भी कुछ प्रकाश डाला। कार्यशाला का समन्वय प्रियंका शर्मा (सहायक प्रोफेसर, सीएसई), पवन कुमार पाटीदार (सहायक प्रोफेसर, सीएसई) और विक्रम खंडेलवाल (सहायक प्रोफेसर, सीएसई) द्वारा किया गया।

# अस्थियों तक का दान देने वाले वैदिक ऋषि दधीचि



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

प्राचीन काल के परम तपस्वी और ख्यातिप्राप्त महर्षि दधीचि न केवल वेद आदि शास्त्रों के पूर्ण ज्ञाता, परोपकारी और स्वभाव के बड़े ही दयालु थे, बल्कि अपने यहाँ आने वाले किसी भी अतिथि को प्रसन्न करने का हरसंभव प्रयत्न करने के गुण के कारण देवताओं के मुख से सिर्फ यह सुनकर कि मात्र दधीचि की अस्थियों से निर्मित वज्र द्वारा ही असुरों का संहार किया जा सकता है, उन्होंने अपने प्राणों का उत्सर्ग कर अस्थियों तक का दान कर विश्व के महादानियों में अपना नाम अमर कर लिया। उस समय उनकी आयु मात्र 32 वर्ष की थी, जब महर्षि दधीचि ने समस्त संसार के हित में अर्थात विश्व कल्याणयार्थ आत्म त्याग कर अपनी अस्थियां दान कर दीं थी। दधीचि की हड्डियों से निर्मित वज्र से ही इंद्र ने वृत्रासुर का संहार किया था। महर्षि दधीचि के जन्म और इनकी तपस्या के संबंध में भी अनेक कथाएं प्रचलित हैं। यास्काचार्य के अनुसार वैदिक ऋषि दधीचि की माता चित्ति और पिता अथर्वा थे। इसीलिए इनका नाम दधीचि हुआ था। कुछ पुराणों के अनुसार यह कर्दम ऋषि की कन्या शांति के गर्भ से उत्पन्न अथर्वा के पुत्र थे। कुछ अन्य पुराणानुसार यह शुक्राचार्य के पुत्र थे। इनका प्राचीन नाम दध्यंच कहा जाता है। महर्षि दधीचि तपस्या और पवित्रता की प्रतिमूर्ति थे। भगवान शिव के प्रति अटूट भक्ति और वैराग्य में इनकी जन्म से ही निष्ठा थी। ऋषि दधीचि ने अपना संपूर्ण जीवन शिवभक्ति में व्यतीत कर दिया। उन्होंने कठोर तप द्वारा अपने शरीर को वज्र के समान कठोर बना लिया था। अपनी कठोर तपस्या द्वारा अटूट शिवभक्ति से ही दधीचि सभी के लिए आदरणीय हुए। अहंकार तो उन्हें छू तक नहीं पाया था। वे सदा दूसरों का हित करना अपना परम धर्म समझते थे। उनके व्यवहार से उनके निवास स्थल वाले उस वन के पशु-पक्षी तक संतुष्ट थे। उनकी पत्नी का नाम गभस्तिनी था। गंगा के तट पर ही उनका आश्रम था। आश्रम पर आने वाले सभी अतिथियों का स्वयं महर्षि तथा उनकी पत्नी पूर्ण श्रद्धा भाव से सेवा करते थे। वे अपने यहाँ आने वाले किसी भी अतिथि को प्रसन्न करने का हरसंभव प्रयत्न किया करते थे। अपने इन्हीं स्वाभाविक गुणों के कारण कभी अपने प्रतिद्वंद्वी रहे इंद्र के द्वारा असुरों के संहार के लिए उनकी अस्थियों का दान मांगे जाने पर महर्षि दधीचि ने बेहिचक अपना शरीर त्याग कर अस्थियों तक का दान जन व देव कल्याणार्थ कर दिया। मान्यतानुसार महर्षि दधीचि का जन्म भाद्रपद शुक्ल पक्ष की अष्टमी को हुआ था। इसलिए इस दिन दधीचि जयंती पूरे देश मे श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई जाती है।

> ऋषि दधीचि ने अपना संपूर्ण जीवन शिवभक्ति में व्यतीत कर दिया। उन्होंने कठोर तप द्वारा अपने शरीर को वज्र के समान कठोर बना लिया था। अपनी कठोर तपस्या द्वारा अटूट शिवभक्ति से ही दधीचि सभी के लिए आदरणीय हुए। अहंकार तो उन्हें छू तक नहीं पाया था। वे सदा दूसरों का हित करना अपना परम धर्म समझते थे।

दधीचि के अस्थियों से इंद्र ने महातेज नामक वज्रास्त्र का निर्माण करवाया था। एक मान्यता यह भी है कि दधीचि के मांस से भगवान विष्णु का सुदर्शन चक्र भी बना है। कथा के अनुसार एक बार अपनी तपस्या में लीन महर्षि दधीचि की आलोकित तपस्या के तेज से भयभीत इंद्र को लगा कि महर्षि कठोर तपस्या के बल पर उनका इंद्रपद छीनना चाहते हैं। इसलिए इंद्र ने महर्षि की तपस्या को भंग करने के लिए अत्यंत खूबसूरत अप्सरा अलम्बुषा के साथ कामदेव को भेजा। लेकिन उनके द्वारा काफी प्रयास किए जाने के बाद भी वे महर्षि की तपस्या को भंग न कर सके और निराश वापस लौट गए। इसके बाद इंद्र ने महर्षि की हत्या का फैसला किया। देवसेना को लेकर इंद्र दधीचि के आश्रम पहुंचे और तपस्या में लीन महर्षि पर अस्त्र-शस्त्रों से प्रहार करना शुरू कर दिया, लेकिन कोई भी अस्त्र-शस्त्र महर्षि की तपस्या के अभेद्य दुर्ग को भेद न सके। इंद्र के सभी अस्त्र-शस्त्र भी उनके सामने कम पड़ गए। अंततः हार मानकर देवराज इंद्र सेना सहित स्वर्ग लौट आए। एक दिन इंद्र की सभा में देवगुरु बृहस्पति आए, लेकिन अहंकारवश इंद्र गुरु बृहस्पति के सम्मान में खड़े नहीं हुए। बृहस्पति ने इसे अपना अपमान समझा और देवताओं को छोड़कर कहीं दूसरे स्थान पर चले गए। इसके बाद देवताओं ने विश्वरूप को अपना पुरोहित बना लिया, लेकिन देवताओं के आहूत यज्ञ में विश्वरूप देवताओं से छिपकर असुरों को भी यज्ञभाग देने लगा। जिसका पता चलने पर इंद्र ने क्रोध में उसका सिर धड़ से अलग कर दिया। विश्वरूप त्वष्टा ऋषि का पुत्र था। पुत्र को खोने के बाद क्रोधित ऋषि ने इंद्र को मारने के उद्देश्य से महाबली वृत्रासुर को उत्पन्न किया। वृत्रासुर के भय से इंद्र को अपना सिंहासन छोड़ना पड़ा। विष्णु पुराण में अंकित कथा के अनुसार इंद्रलोक पर वृत्रासुर नामक राक्षस के द्वारा अधिकार कर इंद्र सहित सभी देवताओं को देवलोक से निष्कासित कर दिए जाने पर सभी देवता अपनी व्यथा लेकर ब्रह्मा, विष्णु व महेश के पास गए, लेकिन कोई भी उनकी समस्या का निदान न कर सका। बाद में निराश हो चुके देवताओं को ब्रह्मा ने एक उपाय बताया कि भूलोक में निवासरत दधीचि नामक महर्षि यदि अपनी अस्थियों का दान कर दें, तो उन अस्थियों से निर्मित वज्र से वृत्रासुर को मारा जा सकता है, क्योंकि वृत्रासुर को किसी भी अस्त्र-शस्त्र से नहीं मारा जा सकता। दधीचि की अस्थियों में ही वह ब्रह्म तेज है, जिससे वृत्रासुर राक्षस मारा जा सकता है। इस कार्य के लिए देवराज इंद्र तैयार नहीं थे, वे महर्षि के पास जाना नहीं चाहते थे, क्योंकि इंद्र ने एक बार दधीचि का अपमान किया था। कथा के अनुसार ब्रह्मविद्या का ज्ञान सम्पूर्ण विश्व में केवल दधीचि को ही था। इंद्र ब्रह्मविद्या प्राप्त करने के परम इच्छुक थे। दधीचि की दृष्टि में इंद्र इस विद्या के पात्र नहीं थे। इसलिए उन्होंने मना कर दिया। इस पर इंद्र क्रुद्ध हो गए। महर्षि ने कहा वे अवश्य ही ब्रह्मविद्या उसे प्रदान करेंगे। कुछ समय बाद इंद्रलोक से ही अश्विनीकुमार महर्षि दधीचि के पास ब्रह्मविद्या लेने पहुंचे। वे योग्य लगे। दधीचि ने उनको इंद्र द्वारा कही गई बातें बताईं। तब अश्विनीकुमारों ने महर्षि दधीचि के अश्व का सिर लगाकर ब्रह्मविद्या प्राप्त कर ली।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

### रिज क्षेत्र में पेड़ों की कटाई

# खेजड़ी बचाओ आंदोलन पर चुप क्यों सरकार!



ज्ञानेन्द्र रावत
लेखक वरिष्ठ पत्रकार

> ग्रीन एनर्जी के नाम पर थार मरुस्थल में सोलर प्लांट द्वारा खेजड़ी, रोहिड़ा, केर, बेर, जाल आदि स्थानीय प्रजातियों के पेड़ों का कटान, स्थानीय जलस्रोतों का दोहन, परिग्रहण करने वाले कीट-पतंगों, मधुमक्खियों, तितलियों, पक्षियों, सरीसृपों के आवास मिटाना तथा रोजाना पवन चक्कियों के पंखों से गोडावण, गिद्धों जैसी बहुतेरी संकटग्रस्त प्रजातियों के कटने से थार की समृद्ध जैवविविधता के लिए खतरा बन चुके हैं।

बीते दिनों देश की राजधानी दिल्ली के रिज क्षेत्र में 1100 पेड़ों की कटाई का मामला सुर्खियों में बना रहा और इस मामले में दिल्ली की आप पार्टी की सरकार, राज्य सभा सदस्य संजय सिंह और उपराज्यपाल के बीच आरोपों-प्रत्यारोपों का लम्बा दौर चला और मामला सुप्रीम कोर्ट तक जा पहुंचा जहां डीडीए की तरफ से पेड़ काटने वाली कंपनी द्वारा दायर हलफनामे से यह खुलासा हुआ कि रिज क्षेत्र में पेड़ों की कटाई उपराज्यपाल के मौखिक आदेश के बाद की गयी थी। इस बाबत सुप्रीम कोर्ट की इजाजत नहीं ली गयी थी। दरअसल पेड़ों की कटाई का यह अकेला मामला हो,ऐसी बात नहीं है। इसकी श्रृंखला काफी लम्बी है। बुंदेलखण्ड में बकस्वाहा में हीरा खदान के लिए हजारों एकड़ जंगल पट्टे पर देने का मामला हो जिसमें लाखों वेशकीमती विविधता से युक्त औषधि वाले पेड़ काटे जाने थे, जिसका जबरदस्त विरोध हुआ। उत्तराखंड में पर्यटन की ख़ातिर बीते दशक में आल वैदर रोड के नामपर देवदार के करीब ढाई लाख पेड़ काटे जाने का मामला हो, और फिर छत्तीसगढ़ के हंसदेव अरण्य में कोयला खनन के लिए पेड़ कटाई का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि राजस्थान में सोलर ऊर्जा कंपनियों द्वारा हजारों खेजडी के पेड़ काटे जाने का मामला आजकल सुर्खियों में है। वहां इसके विरोध में 16 जुलाई से आंदोलन जारी है। अभी तक वहां बीते तीन सालों में 30 हजार बीघा क्षेत्र में सोलर प्लांटों की ख़ातिर करीब 60 हजार से ज्यादा खेजडी के पेड़ों की बलि दी जा चुकी है। इस दौरान करीब 30 कंपनियां बीकानेर जिले में छत्तरगढ़ पूगल, खाजूवाला, लूणकरसर, जामसर, श्रीडूंगरगढ़, कोलायत, गजनेर, नौखा आदि में 5 मेगावाट से 3000 मेगावाट तक के 30 से ज्यादा सोलर प्लांट लगा चुकी हैं। यही नहीं अभी 10 हजार बीघा क्षेत्र में सरकारी सोलर प्लांट लगाये जाने बाकी हैं। इसका खामियाजा घटती हरियाली और बढ़ते तापमान के रूप में सामने आया है। वह बात दीगर है कि सौर ऊर्जा से बिजली भले मिल रही है लेकिन इससे पर्यावरण को जो नुकसान हो रहा है, उसकी भरपाई कौन करेगा। यह सवाल सबसे बड़ा है।




असलियत में ग्रीन एनर्जी के नाम पर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। इस बारे में बिश्नोई महासभा के अध्यक्ष देवेन्द्र घूड़िया कहते हैं कि सोलर प्लांट लगाने वाली कंपनियों द्वारा लगाये गये ये सोलर प्लांट तो बानगी भर हैं जबकि इससे दोगुणी जमीन पर सोलर कंपनियां अपनी नजरें गडाये हुए हैं। अभी भी जयमलसर, नोखादेवा, नाल, किलनी, रणधीसर, हापासर, छतरगढ़ आदि इलाकों में ये कंपनियां खेजडी के पेड़ों की अवैध कटाई कर रही हैं। आने वाले दिनों में बीकानेर से छतरगढ़ तक के 90 हजार बीघा इलाके में लगने वाले सोलर प्लांटों की ख़ातिर खेजडी के लाखों पेड़ काट दिये जायेंगे। इस बारे में हमने मुख्यमंत्री और हाईकोर्ट को भी पत्र लिखा है। गौरतलब है कि हाईकोर्ट खेजडी के पेड़ों की कटाई रोकने के निर्देश दे चुका है लेकिन इसके बावजूद अधिकारियों और कंपनियों की मिलीभगत के चलते पेड़ों की कटाई निर्बाध गति से जारी है।

यदि विशेषज्ञों की मानें तो इसे ग्रीन एनर्जी टाइटल देना ही गलत है। इसी का लाभ सोलर कंपनियां उठा रही हैं। दरअसल पर्यावरण दुष्प्रभाव का अध्ययन ही नहीं किया गया। पेड़ काटने के बाद सोलर प्लांट लगने के बाद तापमान 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाता है। इससे मधुमक्खी, तितलियां, ततैय्या आदि परागमन की क्रिया करने वाले कीट पतंगों की आबादी समाप्ति प्रायः है। साथ ही वन्य जीवों के लिए पानी की किल्लत हुयी है सो अलग। इस सम्बन्ध में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभागाध्यक्ष प्रो० अनिल छंगाणी का कहना है कि-" आज थार मरुस्थल में सोलर प्लांट और विंड मील से होने वाले दुष्प्रभावों पर चिंतन करने की बेहद जरूरत है।

ग्रीन एनर्जी के नाम पर थार मरुस्थल में सोलर प्लांट द्वारा खेजडी, रोहिडा, केर, बेर, जाल आदि स्थानीय प्रजातियों के पेड़ों का कटान, स्थानीय जलस्रोतों का दोहन, परिग्रहण करने वाले कीट-पतंगों, मधुमक्खियों, तितलियों, पक्षियों, सरीसृपों के आवास मिटाना तथा रोजाना पवन चक्कियों के पंखों से गोडावण, गिद्धों जैसी बहुतेरी संकटग्रस्त प्रजातियों के कटने से थार की समृद्ध जैवविविधता के लिए खतरा बन चुके हैं। इसके साथ ही इन सोलर प्लांट, विंड एनर्जी के इनवायरमेंट इंपैक्ट एसेसमेंट और इनवायरमेंट आडिट भी बेहद जरूरी है।' मौजूदा हालात में इस सब पर सरकार की चुप्पी इसका ज्वलंत प्रमाण हैं कि पेड़, पर्यावरण के मुद्दे पर सरकार की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का फर्क है और कॉरोना काल से भी कोई सबक नहीं सीखा है। उसे न देश की चिंता है

वृहद वृक्षारोपण अभियान तो एक दिखावा है। वह कितना सफल हुआ है और इससे कितनी हरित संपदा में बढ़ोतरी हुयी है, हां पर्यावरण रक्षा के नाम पर बयानबाजी जनता को धोखे में रखने की केवल एक सोची-समझी साजिश है, इसके सिवाय कुछ नहीं है। गौरतलब है कि 2019 के बाद से ही सोलर कंपनियों द्वारा खेजडी के पेड़ों की कटाई जारी है। कई बार इस बाबत क्षेत्र के ग्रामीणों और कंपनियों के नुमाइंदों के बीच नोंक-झोंक हुयी। इनके खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज करवा गयी लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला। थकहारकर ग्रामीणों ने सत्याग्रह का फैसला लिया और 18 जुलाई से धरना देना शुरू किया जो नोखादह्या और जयमलसर के बीच सींव के पास पिछले डेढ़ महीने से जारी है। विडम्बना देखिए कि डेढ़ माह के धरने के बावजूद अभी तक प्रशासन ने कोई सुध नहीं ली है। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भी यहां आकर आश्वासन दिया कि खेजडी के पेड़ नहीं कटेंगे लेकिन वह आश्वासन आश्वासन ही रहा और खेजडी के पेड़ों के कटान पर अंकुश नहीं लगा। बीती रात सोलर कंपनियों के खेजडी काटने वालों को रामगोपाल सहित ग्रामीणों ने पकड़ा जो अपने साथ पेडों को ले जाने के लिए ट्रैक्टर-टाली आदि लेकर आये थे। ये लोग ग्रामीणों को देखकर माफी मांगकर कि अब फिर नहीं आयेंगे, अपनी जान बचाकर भाग खड़े हुए। यहां एक कड़वी सच्चाई है कि सोलर प्लांट बंजर भूमि में लगाये जाने थे जिन्हें सिंचित भूमि में लगाया जा रहा है। नियमानुसार प्लांट लगाने से पहले उस जमीन पर पेड़-पौधे लगाने चाहिए थे लेकिन ऐसा न करके सिंचित भूमि पर लगा कर लोगों की जीविका पर ही कुठाराघात किया जा रहा है। इस बाबत रामगोपाल, रिछपाल फौजी, सहीराम पूनिया आदि इलाके के प्रमुख लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन भी दिया और कहा कि ऐसी स्थिति में कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही न होना सरकार, प्रशासन और सोलर कंपनियों की सांठगांठ को ही दर्शाता है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

### व्यंग्य

# 'जिंदगी भर नहीं भूलेगी वो बरसात की काली रात....



मनमोहन हर्ष
व्यंग्यकार व स्वतंत्र टिप्पणीकार

बाखबर! बमुलाहिजा! होशियार! की वैधानिक चेतावनी की मुनादी संग हम आपको ठोक बजाकर ताकीद किए देते है कि 'हटकरजी' के हल्लो-गुल्लों को कहीं दिल से मत लगा बैठना। 'हटकरजी' जो कर गुजरते है या फिर मंडराती घटाओं के मध्य भी माहौल से 'किस्सों' को चुराकर गाहे-बगाहे 'किस्सागोई' की चादर तान देते है, वो हमारी नजर में केवल और केवल उनके 'बस का ही रोग' है। चादर तो क्या, हम तो कहेंगे कि ''हटकरजी' तो 'बातपोषी' का 'खूंटा गाड़ देन' में माहिर है। 'हटकरजी' जहां भी खांटी अंदाज में इसे गाड़ते है तो महफिल सज जाती है। फिर दूर तलक वे ही वे नजर आते हैं और जब हम जैसे निरीह और मजबूरन उनके मुरीद हो चले प्राणी उनकी चपेट में आते हैं तो फिर मौका ताड़कर 'हटकरजी' अपना खोटा सिक्का जमकर चलाते है। 'हटकरजी' की 'शान में कसीदे' पढ़ते-पढ़ते ये जो कुछ हम खरे में खोट पैदा करने जैसे उलजलूल शब्दों को काम में लेकर उनका 'नैरेटिव' बिगाड़ने का 'खेला' कर बैठते है, इसे हमारी काली करतूत ही समझना, बेचारे 'हटकरजी' का इसमें कोई दोष नहीं है, वे तो डंके की चोट पर 24 कैरेट सरीखे कमाल है। अब 'हटकरजी' जैसे खरे लोग जब खरी-खरी कहने लगते है तो आज के दौर में हम जैसे नुगरे उसे कैसे बर्दाष्त कर सकते हैं। खाते भी 'हटकरजी' का है और उनकी ही थाली में छेद करने की गुस्ताखी भी करते रहते है। वैसे आप कहे तो हम इसको अपना दोष नहीं मानते हुए इसे 'जमाने का चलन' बताते हुए अपना 'पल्ला झाड' ही लेते है। 'हटकरजी' के पुराण का नया अध्याय सुनाने से पहले उनके चरित्र चित्रण में हमेशा की तरह बहक गए। खैर मुद्दे पर लौटते हुए फिर सावचेत किए देते है कि हम 'हटकरजी' द्वारा फिजाओं में घोल दिए जाने वाले नित नवीन-नूतन रस और करतबों को जो करीने से आपके सामने पेष करने का प्रयास करते है, उसके चक्कर में कतई मत फंसना। उनको या उनके किस्सों के कैरेक्टर्स को कॉपी करने की कोषिष में 'लेने के देने' भी पड़ सकते है। मानसून की मेहरबानी के बीच महान किस्म के जुगाड़ 'हटकरजी' अपने 'भ्राता जुगाड़ूलाल' का किस्सा बीनकर लाए है। 'हटकरजी' बताते है कि वीकेंड में बरसात की उस रात को तकरीबन दो-ढ़ाई बजे के आसपास मूसलाधार बारिस के बीच मौहल्ले में खड़ी किसी कार का अलार्म बार-बार चित्कार करते हुए सबकी चैन की निद्रा में खलल डाल रहा था। कहीं कोई कॉलोनी से किसी कार को चुराने की हिमाकत तो नहीं कर रहा है, ये जानकर 'हटकरजी' अनमने से आंखे मलते निद्रारानी के आगोष से बमुश्किल निकले। जैसे-तैसे गली में पहुंचे। मंजर देखा तो दंग रह गए। दूर खड़ी किसी कार के पास एक मानव अंधेरे में गले से छतरी लटकाए और एक हाथ में टॉर्च थामें कार से कई चीजों को निकालकर आस-पास के घरों की नालियों से बहते पानी के नीचे डाल रहा था।

'हटकरजी' ने उसे चोर जानकर कुछ यार-दोस्तों को फोन कर जगा दिया। फिर बारिस में 'हटकरजी' और उनके चार यार कार की तरफ बढ़े। 'हटकरजी' ने आव देखा न ताव और सबसे पहले कार से किलोल करते उस शख्स को पीछे से कसकर पकड़कर चोर-चोर का शोर मचाने लगे। मगर ये क्या, वह कोई 'नकबजन' नहीं बल्कि गली-मुहल्ले और गांव-गुवाड़ में सुविख्यात 'भ्राता जुगाड़ूलाल' निकले। जो बाबा आदम के जमाने की अपनी आउटडेटेड और कई अरसे से खड़ी अपनी कार के पायदान, सीट और कई इंटीरियर को बहती नालियों के नीचे डालकर कार वाशिंग का अद्भुत जुगाड़ कर रहे थे। 'हटकरजी' बताते है कि 'भ्राता जुगाड़ूलाल' को सामने पाकर बारिस में पूरी तरह भीग चुके उनको और पड़ौसियों को सांप सूंघ गया। बकौल 'हटकरजी' आज भी जब उस घटना को याद करता हूं तो मन से बरबस ही यह गीत निकलता है कि 'जिंदगी भर नहीं भूलेगी वो बरसात की काली रात....'

### नॉलेज कॉर्नर: ट्रैक पर पत्थरों से ट्रेन पलटाने के मामले

# मजबूत है ट्रेन स्ट्रक्चर, यूं ही नहीं पलट सकती!

देश में इन दिनों ट्रेन पटरियों पर अवांछित सामान रखकर पलटाने की कोशिश करने की घटनाएं आए दिन सामने आ रही है। हाल्ही में एक दिन पहले राजस्थान के अजमेर में ट्रेन पलटाने की साजिश रचने का मामला सामने आया है। इससे पहले कानपुर में भी ऐसा ही मामला सामने आया था। अजमेर जिले में सराधना और बांगड़ गांव स्टेशन के बीच 2 जगहों पर रेलवे ट्रैक पर अलग-अलग जगह पर लगभग एक क्विंटल के सीमेंट ब्लॉक मिले हैं। इस तरह से एक मालगाड़ी को पलटने की साजिश रची गई। बताया जा रहा है कि लगभग एक किलोमीटर तक रेलवे ट्रैक पर सीमेंट ब्लॉक रखे गए हैं। इस मामले में एफआईआर दर्जकर ली गई है। ऐसे में सवाल ये उठता है कि क्या वाकई गैस सिलेंडर और पत्थरों को रेलवे ट्रैक पर रख दिया जाए तो कोई ट्रेन पलट सकती है। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं इसी के बारे में।

#### कम रहती हैं ट्रेन के पलटने की आशंका

वैसे गैस सिलेंडर आमतौर पर भारी होता हैं और उनका वजन ज्यादा होता है। हालांकि, इनका वजन और प्रभावी बल इतना नहीं होता कि वे ट्रेन को पलट सकें। गैस सिलेंडर का ट्रेन पर प्रभाव तब होता है जब वो सीधे ट्रैक पर रखे जाएं और ट्रेन उनके ऊपर से गुजरे। यदि सिलेंडर ट्रैक पर ठीक से रखे गए हैं, तो उनका प्रभाव ट्रैक को नुकसान पहुंचा सकता है और इसकी संभावना रहती है कि ट्रेन पटरी से उतर जाए, लेकिन सीधे तौर पर ट्रेन को पलटने की संभावना बहुत कम होती है। वहीं पत्थरों का प्रभाव भी इसी तरह से समझा जा सकता है। यदि बड़े और भारी पत्थर ट्रैक पर रखे जाएं, तो वे ट्रैक की सतह को क्षति पहुंचा सकते हैं, जिससे ट्रेन के पटरी से उतरने का खतरा हो सकता है। लेकिन पत्थरों के कारण ट्रेन पलटने की संभावना भी कम ही होती है, क्योंकि ट्रेन की डिजाइन और निर्माण सामग्री इसे पलटने के लिए खासी मजबूत बनाती है।





#### रेलवे रखता है सुरक्षा के पूरे उपाय

रेलवे नेटवर्क की सुरक्षा के लिए कई तरह के उपाय और इंजीनियरिंग तकनीकों का उपयोग किया जाता है। साथ ही रेलवे ट्रैक पर नियमित सुरक्षा निगरानी और निरीक्षण होते हैं, जो किसी भी नुकसान पहुंचाने वाली चीज या बाधा को तुरंत पहचान सकते हैं और उसे हटा सकते हैं। ट्रैक और ट्रेन की संरचना को मजबूत करने के लिए कई तरह के सुधार और सुरक्षा उपाय किए जाते हैं। ये उपाय ट्रैक को सुरक्षित और स्थिर बनाए रखते हैं और ट्रेन के पलटने की संभावनाओं को कम करते हैं।

#### किस तरह हो सकती है दुर्घटना

*हालांकि गैस सिलेंडर और पत्थर आमतौर पर ट्रेन पलटने का कारण नहीं बनते, लेकिन यदि ट्रैक पर बेवजह की वस्तुएं रोज रखी जाएं या ट्रैक में कोई गंभीर समस्या हो, तो इससे दुर्घटनाएं हो सकती हैं। इन दुर्घटनाओं के प्रभाव को कम करने के लिए रेलवे प्रबंधन हमेशा सतर्क रहता है और सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के लिए नियमित निरीक्षण करता है.*

कंटेंट: बजरंग सिंह बुनकर



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP

हमारी सरकार राज्य में व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने, नवीन प्रौद्योगिकियों को अपनाने, रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने तथा समग्र आर्थिक विकास को गति प्रदान करने हेतु पूर्णतः संकल्पित है। राज्य सरकार राजस्थान को देश का अग्रणी निवेश गंतव्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और निरंतर प्रयासरत भी है।

**पूर्व गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे के बयान पर बवाल, भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा- अब बर्फ में खेल रहे हैं कांग्रेस नेता**

# गृह मंत्री रहते कश्मीर जाने से डर लगता था: शिंदे, हकीकत बयां की:भाजपा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में गृह मंत्री रहे सुशील कुमार शिंदे के एक बयान से बवाल मच गया है। उन्होंने कहा है कि वह यूपीए सरकार में गृह मंत्री थे, लेकिन उस दौर में उन्हें भी जम्मू-कश्मीर जाने में डर लगता था। शिंदे के इस बयान को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर हमला करना शुरू कर दिया है। भाजपा का कहना है कि शिंदे ने पूरी हकीकत उजागर कर दी है कि कांग्रेस राज में कश्मीर के कैसे हालात थे। इस पर कांग्रेस को ध्यान देना चाहिए।

शिंदे की टिप्पणी पर भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कांग्रेस शासन के दौरान देश के गृह मंत्री भी कश्मीर जाने से डरते थे। लेकिन अब, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र की सुरक्षा इतनी मजबूत है कि विपक्षी नेता भी बिना किसी डर के कश्मीर में





बर्फ से खेलते हैं। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज राहुल गांधी आराम से कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा और स्नो फाइट करते नजर आते हैं। लेकिन नेकां और कांग्रेस जम्मू-कश्मीर को आतंक के दिनों में वापस ले जाना चाहते हैं। भाजपा के सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करने से कश्मीर में लोगों का जीवन बदल गया, जमीनी स्तर पर लोकतंत्र मजबूत हुआ और 'भ्रष्ट अब्दुल्ला तथा मुफ्ती परिवारों' का प्रभाव कम हुआ।

### ये कहा था सुशील कुमार शिंदे ने

सुशील कुमार शिंदे ने सोमवार को अपनी पुस्तक 'राजनीति में 5 दशक' के विमोचन के मौके पर कहा, गृह मंत्री बनने से पहले मैं शिक्षाविद् विजय धर से मिलने गया था। मैं उनसे सलाह मांगता था। उन्होंने मुझे सलाह दी कि मैं इधर-उधर न घूमूं, बल्कि लाल चौक (श्रीनगर में) जाऊं, लोगों से मिलूं और डल झील घूमूं। शिंदे ने कहा, मैं गृह मंत्री रहते हुए श्रीनगर में लाल चौक पर भाषण देने चला गया था, लेकिन अंदर ही अंदर मुझे डर भी लग रहा था। हालांकि मुझे लाल चौक पर भाषण से बहुत पब्लिसिटी भी मिली। इससे लोगों में यह संदेश गया कि एक ऐसा गृह मंत्री है, जो लाल चौक भी जाता है। लेकिन मैं डरता था, यह मैं किससे बताऊं। इस मौके पर मंच पर मल्लिकार्जुन खरगे और दिग्विजय सिंह भी मौजूद थे।

### शिंदे के बयान के बाद उठे यह सवाल

सुशील कुमार शिंदे के बयान के बाद कई सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या सुशील कुमार शिंदे ने माना अब कश्मीर बदल गया है, क्या शिंदे ने मान लिया है कि कश्मीर अब सुरक्षित है, क्या कांग्रेस नेता ने इशारों में 370 हटने की तारीफ की, क्या शिंदे ने कश्मीर पर मोदी सरकार की नीति पर मुहर लगाई है, क्या शिंदे ने कांग्रेस सरकार की तुलना में घाटी को अब ज्यादा बेहतर बताया? ज्ञात रहे कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद कश्मीर में पत्थरबाजी से लेकर आतंकियों के खात्मे पर कड़ा एक्शन लिया गया है।

---

## बजरंग ने नाडा के निलंबन आदेश को दी चुनौती



**नई दिल्ली।** पहलवान और कांग्रेस नेता बजरंग पूनिया ने राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी द्वारा उन्हें निलंबित किए के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट चुनौती दी है। ज्ञात रहे कि 21 जून को राष्ट्रीय डोपिंग एजेंसी ने दूसरी बार पुनिया को निलंबित किया था। अक्टूबर में अल्बानिया में सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप होनी है। बजरंग इससे पहले अपनी वापसी चाहते हैं। बजरंग ने दावा किया है कि एजेंसी का आचरण भारत के संविधान के अनुसार नहीं है। उनका तर्क है कि एजेंसी का यह फैसला काम को करने की स्वतंत्रता और आजीविका कमाने के उनके मौलिक अधिकारों के खिलाफ है। इस तरह अगर ये मनमाना निलंबन नहीं हटाया गया तो उन्हें रिटायर होने के लिए मजबूर किया जाएगा।

## लोस चुनाव परिणाम से बौखलाई भाजपा सरकार: डिंपल

**मैनपुरी।** समाजवादी पार्टी सांसद डिंपल यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनाव परिणामों से राज्य की भाजपा सरकार बौखला गई है। आने वाले उपचुनाव में करहल ही नहीं बल्कि सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत होगी। करहल में मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम के कार्यक्रमों पर डिंपल ने कहा कि मैनपुरी में लोकसभा चुनाव के दौरान भी भाजपा के बड़े-बड़े नेता आए लेकिन यहां की जनता ने सपा को जिताया और आगे भी जिताएगी। मैनपुरी के करहल के ग्राम नगला टांक के दौरे पहुंची डिंपल ने यह बात कही है। डिंपल ने कहा कि बुलडोजर और एनकाउंटर की नकारात्मक राजनीति करने वाली भाजपा सरकार जाति विशेष के लोगों को निशाना बना रही है। मंगेश यादव के एनकाउंटर पर डिंपल ने कहा कि यूपी में मानवता की हत्या हो रही है।

---

**हरियाणा विधानसभा चुनाव : भाजपा ने 21 और प्रत्याशी किए घोषित**

# मेवात में दो मुस्लिम चेहरों पर दांव विनेश को योगेश बैरागी देंगे टक्कर

**एजेंसी** | चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने मंगलवार को 21 प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की है। लेकिन पार्टी ने अपनी दूसरी सूची में कई बड़े चौंकाने वाले बदलाव किए हैं। पार्टी ने मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली का टिकट काट दिया है। उनकी जगह पर राई से कृष्णा अहलावत को चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं, मुस्लिम बहुल मेवात अंचल की दो सीटों पर अल्पसंख्यक समुदाय पर दांव खेला है। पार्टी ने फिरोजपुर झिरका से नसीम अहमद और पुन्हाना से ऐजाज खान को चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं, नूंह सीट से राज्य मंत्री संजय सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है। वह फिलहाल गुरुग्राम में आने वाली सोहना सीट से विधायक हैं। सोहना का हिस्सा नूंह से जुड़ा हुआ है। समझा जाता है कि भाजपा ने मुस्लिम बहुल नूंह में सिंह को उम्मीदवार बनाकर बड़ा प्रयोग किया है। इसके अलावा कांग्रेस के महिला पहलवान विनेश फोगाट को पार्टी का प्रत्याशी बनाने के बाद चर्चा में आई जुलाना सीट से भाजपा ने वायु सेना से सेवानिवृत कैप्टन योगेश बैरागी को चुनाव मैदान में उतारा है। कैप्टन बैरागी ने





डेढ़ साल पहले राजनीति में कदम रखा था। इससे पहले वे एयर इंडिया में सीनियर कैप्टन के पद पर कार्यरत थे। ज्ञात रहे कि भाजपा ने अपनी पहली सूची में 67 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। पार्टी ने एक सीट पर अपना उम्मीदवार बदला है। इस तरह पार्टी ने देश की 90 सीटों में से 87 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह द्वारा जारी सूची के अनुसार, मनीष ग्रोवर रोहतक से, संजय सिंह नूंह से, पवन सैनी नारायणगढ़ से, सतपाल जांबा पुंडरी से और देवेंद्र कौशिक गन्नौर से चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा नारायणगढ़ से पवन सैनी, पेहोवा से जय भगवान शर्मा, राई से कृष्णा गहलावत और पटौदी से बिमला चौधरी को चुनाव मैदान में उतारा गया है।

### सूची में क्या है खास

- प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली का टिकट काटा
- दो महिलाओं कृष्णा गहलावत व बिमला चौधरी को टिकट
- नूंह से संजय सिंह को बनाया प्रत्याशी





### मेवात में भाजपा ने बदली रणनीति

मुस्लिम बहुल मेवात में हरियाणा की तीन विधानसभा सीटें हैं, नूंह, पुन्हाना और फिरोजपुर झिरका। भाजपा के लिए सबसे मुश्किल माने जाने वाले क्षेत्र में पार्टी ने अपनी रणनीति में बदलाव करते हुए दो मुस्लिम उम्मीदवारों को उतारकर बड़ा दांव खेला है। फिरोजपुर झिरका से उतारे गए नसीम अहमद पहले भी इस सीट से विधायक चुने जा चुके हैं। 2014 में उन्होंने इंडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) के टिकट पर विधानसभा का चुनाव जीता था। 5 साल पहले भगवा दल में शामिल हुए नसीम अहमद भाजपा में प्रदेश सचिव का पद भी संभाल रहे हैं। वह हरियाणा में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। नसीम एक युवा और अल्पसंख्यक चेहरे के तौर पर भाजपा में अपनी पहचान बना चुके हैं। वहीं, पुन्हाना सीट से उम्मीदवार बनाए गए ऐजाज खान हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री चौधरी सरदार खान के बेटे हैं। वह पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान अक्टूबर 2019 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। तब पुन्हाना सीट पर भाजपा ने नौक्षम चौधरी को उम्मीदवार बनाया था। लेकिन वह चुनाव हार गई थी। नौक्षम अब राजस्थान की कामां सीट से भाजपा की विधायक हैं।

### पिहोवा सीट पर बदला प्रत्याशी

भाजपा ने पेहोवा सीट पर उम्मीदवार बदल दिया है। यहां से पहले कमलजीत सिंह अजराना को टिकट दिया गया था। लेकिन विरोध के चलते उन्होंने टिकट वापस कर दिया। अब इस सीट पर भाजपा ने जय भगवान शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की दूसरी सूची जारी होने से पहले अजराना के टिकट वापस लौटने की जानकारी सामने आई थी। 2019 में इस सीट से पूर्व हॉकी खिलाड़ी संदीप सिंह जीते थे।

### नूंह में कांग्रेस को घेरने की चाल

पार्टी ने राज्य मंत्री संजय सिंह को नूंह सीट से उतारकर बड़ा प्रयोग किया। क्षत्रिय समाज से आने वाले संजय सिंह की छवि हिंदूवादी है। संजय सिंह का इस सीट पर कांग्रेस के कद्दावर नेता आफताब अहमद से मुकाबला होगा। आफताब अहमद वर्तमान विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के उप नेता हैं। वे हुड्डा के करीबी माने जाते हैं। ऐसे में भाजपा ने आफताब को भी घेरने की कोशिश की है। पिछले चुनाव में मेवात में भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली थीं।

---

**राजद नेता ने फिर बोला सियासी हमला**

# नीतीश ने माफी मांगी थी, वीडियो फुटेज है हमारे पास: तेजस्वी

**एजेंसी** | पटना/समस्तीपुर

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और पूर्व उप-मुख्यमंत्री सीएम तेजस्वी यादव ने महागठबंधन में लौटने के समय जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के अध्यक्ष और बिहार के सीएम नीतीश कुमार के माफी मांगने का वीडियो उनके पास होने का दावा किया है। तेजस्वी ने कहा कि नीतीश जब उनके पास आए थे तो विधायकों के सामने गिड़गिड़ाकर माफी मांगी थी। तेजस्वी ने कहा कि जब नीतीश कुमार हमारे साथ रहते हैं तो कहते हैं कि हमारा 1973 से संबंध हैं और जब भाजपा संग रहते हैं तो कहते हैं कि हमारा 1995 से संबंध है। कार्यकर्ता आभार यात्रा पर निकले तेजस्वी ने समस्तीपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान यह दावा किया है।

तेजस्वी ने कहा कि सदन में भी नीतीश कितनी बार हाथ जोड़कर माफी मांग चुके हैं कि गलती हो गई। पत्रकारों के सामने कितनी बार बोले हैं कि हमसे गलती हुई, अब भाजपा के साथ नहीं जाएंगे। इससे पहले भी तेजस्वी ने सोमवार को कहा था कि हम लोगों ने नीतीश का दो-तीन बार कल्याण किया था। अब उनसे कोई मतलब ही नहीं



है। वहीं आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव ने भी मंगलवार को कहा कि अगर नीतीश को नहीं आना है, तो न आएं, ठीक है। कार्यकर्ता संवाद यात्रा के पहले चरण में समस्तीपुर पहुंचे तेजस्वी यादव ने कहा कि पार्टी कैसे मजबूत हो, कैसे विस्तार हो, इन सभी मुद्दों पर कार्यकर्ताओं से सलाह ली गई है। संगठन, कैडर को मजबूत करना ज्यादा जरूरी है। रैलियों में रहना भी जरूरी है।

खुद को कर्पूरी ठाकुर का अनुयायी बताते हुए तेजस्वी ने कहा कि राज्य और लोगों के हालात की जानकारी कार्यकर्ताओं से बेहतर कोई नहीं दे सकता है। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। हर वर्ग के लोगों की वास्तविक आर्थिक, शैक्षणिक स्थिति के डेटा के आधार पर विकास की योजना बनाई जाएगी। तेजस्वी ने कहा कि वो नई सोच वाला नया बिहार बनाएंगे।

---

**चुनाव आयोग ने लिया संज्ञान, नोटिस भेजकर मांगा जवाब**

# BJP के मंच पर पहुंचे VC कंबोज आचार संहिता के उल्लंघन पर घिरे

**एजेंसी** | चंडीगढ़

हरियाणा के हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह कृषि यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर बीआर कंबोज पर चुनाव आचार संहिता के आरोप लगे हैं। जन्माष्टमी पर हिसार के बिश्नोई मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में वे भाजपा के मंच पर चले गए थे। राज्य में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लागू होने से चुनाव आयोग ने मामले को संज्ञान में लिया है। हिसार विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर ने अपनी रिपोर्ट में कुलपति को आचार संहिता



के उल्लंघन का दोषी पाया है। उन्होंने रिपोर्ट चुनाव आयोग को सौंप दी है। रिपोर्ट में कहा गया कि कुलपति बीआर कंबोज 26 अगस्त को बिश्नोई सभा की ओर से बिश्नोई मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। कार्यक्रम में भाजपा के कई नेता शामिल हुए थे। कुलपति कंबोज मंच की अग्रिम पंक्ति में बैठे थे और उनके फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। इसका चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया था। कंबोज ने रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से भेजे गए नोटिस के जवाब मे कहा कि वह एक धार्मिक व्यक्ति हैं और धार्मिक आयोजनों में शामिल होते रहते हैं। उन्होंने किसी भी राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल होने की बात से इनकार किया है। हालांकि, रिटर्निंग ऑफिसर कुलपति कंबोज के जवाब से संतुष्ट नहीं हैं।

---

**महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव: महायुति में सीटों के बंटवारे पर मंत्रणा**

# लक्ष्य अधिक सीटें कम, सीट शेयरिंग में दिखेगा 'दम'

**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के सहयोगी दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर अभी आम सहमति नहीं बन पाई है। भाजपा ने इस बार के चुनाव में मिशन-160 का लक्ष्य तय कर रखा हैं, लेकिन अजित पवार नीत राकांपा और सीएम एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना को यह स्वीकार्य नहीं है। ऐसे में उनके लिए 128 सीटें शेष रहती हैं। जबकि वे इससे कहीं अधिक सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती हैं। इससे फिलहाल सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय नहीं हो पाया है। सूत्रों के अनुसार महायुति में शामिल भाजपा, शिंदे नीत शिवसेना और अजित पवार नीत राकांपा फिलहाल सीटों के बंटवारे पर बातचीत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना 100 सीटों की मांग कर रही है तो अजीत पवार की एनसीपी 60 से 70 सीट की मांग रही हैं। महाराष्ट्र की 288 सीटों में से भाजपा अगर शिंदे और अजीत पवार को उनकी मनमाफिक सीटें दे देती है तो उसे विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए 100 से 110 सीटें ही बचेंगी। भाजपा इस फॉर्मूले पर कभी तैयार नहीं होगी। भाजपा ने 2019 में 164 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिसमें 105 सीटें जीती थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार और सोमवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की थी।

### कौन क्या चाहता है

| | |
|---|---|
| कुल सीटें | 288 |
| भाजपा | 160 |
| शिवसेना (शिंदे) | 100 |
| राकांपा (अजित पवार) | 60 से 70 |



### शाह ने कोर ग्रुप की बैठक में बनाई रणनीति

अमित शाह ने बीजेपी कोर ग्रुप के साथ मुंबई में बैठक कर चुनाव लड़ने की रणनीति बनाई है। इस दौरान भाजपा नेताओं के साथ सहयोगी दलों के साथ सीट बंटवारे को लेकर चर्चा हुई। अब राज्य की बैठक के बाद अजित पवार की एनसीपी, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और बीजेपी के बीच सीट शेयरिंग फॉर्मूले पर दिल्ली में मुहर लगेगी। ऐसे में सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि भाजपा कितनी सीटों पर इस बार चुनाव लड़ेगी?

---

**दिल्ली: भाजपा विधायकों की मांग पर सियासी घमासान**

# केजरीवाल सरकार बर्खास्त हो: BJP, राष्ट्रपति शासन की साजिश: आतिशी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली के भाजपा विधायकों की राष्ट्रीय राजधानी की आम आदमी पार्टी की सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर सियासी घमासान शुरू हो गया है। भाजपा विधायकों ने विजेंदर गुप्ता की अध्यक्षता में 30 अगस्त को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक ज्ञापन सौंपकर यह मांग की थी। अब राष्ट्रपति सचिवालय ने भाजपा के ज्ञापन को गृह सचिव के पास भेज दिया है। सचिवालय का कहना है कि इसपर उचित ध्यान देने की जरूरत है। ज्ञापन में भाजपा विधायकों ने दावा किया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने से 'संवैधानिक संकट' पैदा हो गया है। इस बीच, आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता और मंत्री आतिशी भाजपा पर दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाकर अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार को 'पिछले दरवाजे' से गिराने की साजिश रचने का आरोप लगाया।



### क्या हुआ

- भाजपा विधायकों के राष्ट्रपति को सौंपा था ज्ञापन, संवैधानिक संकट का किया था दावा
- राष्ट्रपति सचिवालय ने गृह मंत्रालय को भेजा

### संविधान के उल्लंघन का लगाया आरोप

ज्ञापन में भाजपा विधायकों ने कहा कि सरकार छठे दिल्ली वित्त आयोग का गठन करने में असफल रही है, जो अप्रैल 2021 से लंबित है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है, यह उपेक्षा भारत के संविधान का गंभीर उल्लंघन है और इसने शहर के लिए उचित वित्तीय योजना और संसाधन आवंटन को गंभीर रूप से बाधित किया है, खासतौर से दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को प्रभावित किया है। इसके अलावा, विधायकों ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार ने जानबूझकर केंद्र सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में बाधा डाली।

### सरकार गिराई तो दिल्लीवासी देंगे करारा जवाब: आतिशी

दूसरी ओर आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता और मंत्री आतिशी ने मंगलवार को कहा कि अगर केजरीवाल सरकार को गिराया गया तो दिल्लीवासी आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा को शून्य सीट देकर करारा जवाब देंगे और आम आदमी पार्टी सभी 70 सीटों पर जीत हासिल करेगी। आतिशी ने कहा कि भाजपा का एकमात्र काम देश में निर्वाचित सरकारों को अपने 'ऑपरेशन लोटस' के जरिए गिराना है, जैसा कि महाराष्ट्र, कर्नाटक और मणिपुर में हुआ। मंत्री ने आरोप लगाया, उन्होंने आप विधायकों को खरीदकर सरकार गिराने के लिए दिल्ली में भी ऑपरेशन लोटस की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहे। अब वे दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की लोकप्रिय सरकार को गिराने के लिए पिछले दरवाजे से राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश कर रहे हैं। आतिशी ने कहा कि दिल्ली के लोग केजरीवाल से इसलिए प्यार करते हैं क्योंकि उन्होंने उन्हें अच्छे स्कूल, अस्पताल, इलेक्ट्रिक बसें, महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा और बुजुर्गों को मुफ्त तीर्थ यात्रा की सुविधा दी है। उन्होंने कहा, 'अगर भाजपा केजरीवाल सरकार को गिराती है, तो दिल्ली के लोग उसे करारा जवाब देंगे। भाजपा अपनी मौजूदा आठ सीटें भी खो देगी। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए चुनाव अगले साल की शुरुआत में होने हैं।

### भाजपा तय कर ले उसे कब हारना है: संजय सिंह



आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा है कि पार्टी यह तय कर ले कि उसे दिल्ली में कब हारना है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में ज्ञापन गृह मंत्रालय को भेजे जाने पर कहा, यह भाजपा को तय करना है कि उन्हें अभी हारना है या चार महीने बाद। कल तारीख घोषित करो, हम कहां पीछे हैं। यदि उन्हें लग रहा है कि हारने की जल्दी है तो जल्दी तारीख घोषित है। यदि वह चाहते हैं कि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू हो तो उन्हें चार महीने पहले हारना है।

## जरूरी खबर

### केदारनाथ हाईवे पर भूस्खलन से 5 लोगों की मौत

**देहरादून।** केदारनाथ राजमार्ग पर सोनप्रयाग के पास सोमवार को भूस्खलन के कारण हुए हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई व तीन अन्य लाग घायल हो गए। हादसा गौरीकुण्ड से लगभग एक किलोमीटर दूर सोनप्रयाग की ओर घटित हुआ, जब यात्रियों पर पहाड़ी से मलबा और पत्थर गिरने लगे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ ने संयुक्त रूप से बचाव अभियान चलाया। रात में खराब मौसम और लगातार मलबा गिरने के कारण रेस्क्यू कार्य में दिक्कतें आईं। मंगलवार सुबह मौसम में सुधार के साथ मलबा गिरना बंद होने पर रेस्क्यू टीमों ने फिर से काम शुरू किया। इस दौरान 3 लोग अचेत अवस्था में मिले, जिन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे में कुल पांच लोगों के की मौत होने की खबर है।

### आतंकी फंडिंग केस में सांसद राशिद को अंतरिम जमानत




**नई दिल्ली।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर के बारामुल्ला से सांसद शेख राशिद उर्फ इंजीनियर राशिद को आतंकी फंडिंग मामले में 2 अक्टूबर तक अंतरिम जमानत दे दी है। राशिद को 2017 में एनआईए ने आतंकी फंडिंग मामले में यूएपीए के तहत गिरफ्तार किया था। इसके बाद 2019 से राशिद दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। राशिद ने 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को होने वाले आगामी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत की मांग करते हुए अदालत का रुख किया था। राशिद के भाई खुर्शीद अहमद शेख लंगेट सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

### नौसेना ने समुद्र में उतारे दो जहाज, बढ़ेगी ताकत

**नई दिल्ली।** नौसेना ने कोचीन शिपयार्ड में आठवीं एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट प्रोजेक्ट के तहत चौथे और पांचवें जहाज क्रमशः 'माल्प और मुल्की' को सोमवार को एक साथ लॉन्च किया है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ये पनडुब्बी विध्वंसक युद्धपोत कम गहरे जल क्षेत्रों या तटीय क्षेत्रों में अभियान चलाने में सक्षम हैं। दोनों युद्धपोतों को दक्षिणी नौसैनिक कमांड के कमांडिंग इन चीफ फ्लैग अफसर वाइस एडमिरल वी.श्रीनिवास की उपस्थिति में लॉन्च किया गया।

## सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री से मंत्रणा... कार्यकारी अधिकारियों के साथ पीएम



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एलकेएम में सेमीकंडक्टर कार्यकारी अधिकारियों की बैठक में शामिल हुए। बैठक में सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री से जुड़े तमाम बड़े लोग मौजूद थे। इस दौरान पीएम मोदी ने सेमीकंडक्टर से जुड़े विषयों पर बातचीत की। पीएम मोदी देश को सेमीकंडक्टर हब बनाने की दिशा में जारी प्रयासों के तहत 11 सितंबर को सेमीकॉन इंडिया 2024 का उद्घाटन करेंगे।

### कालिंदी एक्सप्रेस को बर्निंग ट्रेन बनाने की थी साजिश!



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में शिवराजपुर थाना क्षेत्र में रविवार रात कालिंदी एक्सप्रेस को हादसे का शिकार बनाने की साजिश पूरी तरह नाकाम हो गई। आरपीएफ और जीआरपी पूरे मामले की जांच में जुटी है। साजिश रचने वालों ने पूरी तैयारी की थी कि ट्रेन हादसे का शिकार बन जाए। शुरुआती जांच के अनुसार ट्रैक पर फंसाए गए सिलेंडर की नोजल को पेट्रोल बम की सुतली से जोड़ दिया गया था और ट्रैक के पास बारूद भी रख दिया गया था। साजिशकर्ताओं की मंशा थी कि अगर सिलेंडर न फटा तो उसके रगड़ने से चिंगारी निकले जो कि पेट्रोल बम व बारूद तक पहुंचे जाए और एक तेज धमाका हो। अगर एलपीजी सिलेंडर और पास में ही रखे पेट्रोल बम और विस्फोटक में तेज धमाका होता तो पूरी ट्रेन ही आग की चपेट में आ जाती और इससे काफी बड़ी जनहानि होती।

## मणिपुर में छात्रों का हिंसक प्रदर्शन जारी, स्कूल-कॉलेज कल तक बंद

# इंफाल समेत तीन जिलों में कर्फ्यू... इंटरनेट पर 5 दिनों तक लगी पाबंदी

**एजेंसी | इंफाल**

मणिपुर में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन छात्रों का हिंसक प्रदर्शन जारी रहा है। राजभवन की ओर मार्च कर रहे छात्रों की सुरक्षाबलों से झड़प हो गई। छात्रों ने सुरक्षाबलों पर पथराव किया और गुलेल से छर्रे मारे। इसके बाद प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे गए। छात्र राज्य के डीजीपी और सुरक्षा सलाहकार को हटाने की मांग कर रहे हैं। इस बीच, मणिपुर में छात्र आंदोलन आर हिंसा को देखते हुए राजधानी इंफाल समेत तीन जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। इसके साथ ही राज्य सरकार ने इंटरनेट सेवाओं पर 5 दिन के लिए पाबंदी लगा दी है। राज्य सरकार की तरफ से सभी स्कूल-कॉलेजों को



भी गुरुवार तक बंद करने का आदेश जारी किया गया है। ज्ञात रहे कि महिलाओं ने ड्रोन हमले के विरोध में सोमवार रात मशाल जुलूस निकाला था। वहीं समोवार को प्रदर्शनकारियों ने राजभवन पर पथराव कर दिया। बिगड़ती कानून व्यवस्था और हमलों को देखते हुए प्रशासन ने इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम के अलावा थौबल में कर्फ्यू लगाने का फैसला किया है। जानकारी के मुताबिक इन जिलों में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगाया गया है और लोगों को घरों में ही रहने की सलाह दी गई है। जरूरी सेवाओं जैसे कि बिजली, कोर्ट, स्वास्थ्य के साथ मीडिया को कर्फ्यू से छूट दी गई है।

### CRPF के 2 हजार जवानों की होगी तैनाती

केंद्र ने जातीय संघर्ष से प्रभावित मणिपुर में सुरक्षा ड्यूटी के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की दो नई बटालियन की तैनाती का निर्देश दिया है, जिनमें करीब 2,000 जवान होंगे। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि बटालियन संख्या-58 को वारंगल (तेलंगाना) से, जबकि बटालियन संख्या-112 को लातेहार (झारखंड) से भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक बटालियन को मणिपुर के कांगवई (चुराचांदपुर) जबकि दूसरी बटालियन को इंफाल के आसपास तैनात किया जाएगा। पिछले वर्ष की हिंसा के बाद मणिपुर में पहले से ही बल की 16 बटालियन तैनात हैं। हिंसा भड़कने से पहले मणिपुर में बल की लगभग 10-11 बटालियन थीं। एक शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने बताया, मणिपुर में सीआरपीएफ की प्रमुख भूमिका होगी। पिछले साल मई में मेइती और कुकी लोगों के बीच हिंसा भड़कने के बाद बल की नई बटालिन राज्य में भेजी गई थीं और अब बल को मजबूत किया जा रहा है ताकि निर्णय लेने की प्रक्रिया बेहतर हो सके। इस बीच, सीआरपीएफ और सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों और कुछ स्वतंत्र तकनीकी विशेषज्ञों की एक संयुक्त टीम इस सप्ताह के अंत में मणिपुर का दौरा करेगी। यह टीम पिछले कुछ दिनों में राज्य के कुछ क्षेत्रों में हमले में इस्तेमाल किए गए ड्रोन और रॉकेट का विश्लेषणात्मक अध्ययन करेगी।

## फ्लाइंग ऑफिसर ने की थी शिकायत

# विंग कमांडर के खिलाफ यौन उत्पीड़न का केस दर्ज

**एजेंसी | श्रीनगर**

वायु सेना स्टेशन श्रीनगर पर तैनात एक महिला फ्लाइंग ऑफिसर ने विंग कमांडर के खिलाफ यौन और मानसिक उत्पीड़न करने का केस दर्ज कराया है। महिला समेत दोनों ही अधिकारी वायु सेना स्टेशन श्रीनगर पर तैनात हैं। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2) के तहत आरोपी विंग कमांडर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

महिला अधिकारी ने अपनी शिकायत में कहा कि यह घटना 31 दिसंबर, 2023 की रात को श्रीनगर के वायु सेना स्टेशन में नए साल की पार्टी के दौरान हुई थी।

महिला अधिकारी ने शिकायत में कहा, 'पार्टी के बाद स्टेशन पर विंग कमांडर ने मुझसे पूछा कि क्या आपको गिफ्ट मिला है? मैंने कहा कि मुझे कुछ नहीं मिला। तो उसने



मुझे अपने कमरे में आने को कहा जहां बहुत से उपहार रखे हुए थे। जैसे ही मैं उसके साथ कमरे में गई। उसने मेरे साथ जबरदस्ती करनी शुरू कर दी। मैंने उसे रोकने की बार-बार अपील की। मेरे विरोध करने के बावजूद वह नहीं माना और मेरे साथ ओरल सेक्स करने लगा। एयरफोर्स ऑफिसर ने अपनी शिकायत में आगे कहा, अंत में मैंने उसे धक्का दिया और वहां से भाग गई। इस दौरान उसने मुझसे कहा कि हम शुक्रवार को फिर मिलेंगे, जब उसके परिवार के लोग चले जाएंगे।

## सीएम ममता बनर्जी वार्ता के लिए करती रही इंतजार

# SC के निर्देश, लेकिन काम पर नहीं लौटे डॉक्टर

**एजेंसी | कोलकाता**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में पिछले महीने एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के विरोध में और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर हड़ताल कर रहे डॉक्टर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद मंगलवार शाम काम पर नहीं लौटै। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार शाम 5 बजे तक हड़ताली डॉक्टरों से काम पर लौटने को कहा था। इस बीच, हड़ताली डॉक्टरों ने राज्य सरकार से भी बातचीत नहीं की।

पश्चिम बंगाल की मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा, मुख्यमंत्री ममता



बनर्जी ने शाम 5 बजे तक डॉक्टरों के काम पर लौटने का इंतजार किया। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारी इस नतीजे पर पहुंचे कि 10 डॉक्टरों से बातचीत की जाए। इसके बाद मुख्य सचिव की तरफ से शाम 6.10 बजे हड़ताली डॉक्टरों को बातचीत करने के लिए नबन्ना (सचिवालय)आने के लिए एक ईमेल भेजा गया। उन्होंने बताया कि शाम 7.30 बजे तक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य सचिवालय के दफ्तर में उनका इंतजार किया ताकि गतिरोध दूर किया जा सके और समाधान निकाला जा सके लेकिन आंदोलनकारी डॉक्टरों की ओर से ना तो कोई जवाब आया और ना ही कोई मुलाकात करने आया। शाम 7.30 बजे सीएम बनर्जी फिर नबन्ना परिसर से चली गईं। भट्टाचार्य ने बताया कि मुख्यमंत्री बनर्जी हमेशा जूनियर डॉक्टरों से अपने काम पर लौटने का अनुरोध करती रही हैं लेकिन आंदोलनकारी डॉक्टर जिद पर अड़े हैं। इस बीच, आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार शाम 5 बजे तक काम पर लौटने संबंधी आदालती निर्देश की अवज्ञा करते हुए कहा कि वे अपनी मांगें पूरी होने और आरजी कर अस्पताल घटना की पीड़िता को न्याय मिलने तक ड्यूटी पर नहीं जाएंगे।

## राहुल गांधी अमेरिका दौरे पर: सिखों को लेकर टिप्पणी पर विवाद

# सही समय पर खत्म होगा आरक्षण

**एजेंसी | न्यूयार्क**

विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा है कि कांग्रेस आरक्षण खत्म करने के बारे में तब सोचेगी जब सही समय होगा, जोकि अभी नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वह वह लड़ाई लड़ रहे कि सिखों को भारत में पगड़ी पहनने की इजाजत दी जाएगी या नहीं। राहुल की इस टिप्पणी पर विवाद हो गया है। भाजपा नेताओं ने इसकी तीखी आलोचना की है। राहुल गांधी ने पहले जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में छात्रों से संवाद के दौरान आरक्षण पर एक सवाल के जवाब में कहा कि जब आप



वित्तीय आंकड़ों को देखते हैं, तो आदिवासियों को 100 रुपए में से 10 पैसे मिलते हैं, दलितों को 100 रुपए में से 5 रुपए मिलते हैं और ओबीसी को भी लगभग इतनी ही रकम मिलती है। असलियत यह है कि उन्हें भागीदारी नहीं मिल रही है। भारत के हर एक बिजनेस लीडर की सूची देखें। मुझे आदिवासी, दलित का नाम दिखाएं। मुझे ओबीसी का नाम दिखाएं. मुझे लगता है कि शीर्ष 200 में से एक ओबीसी है. वे भारत के 50 प्रतिशत हैं, लेकिन हम इस बीमारी का इलाज नहीं कर रहे हैं. अब, आरक्षण एकमात्र साधन नहीं है. अन्य साधन भी हैं.' राहुल गांधी ने वर्जीनिया में सिखों को लेकर कहा, सबसे पहले आपको यह समझना होगा कि लड़ाई किस बारे में है। लड़ाई राजनीति के बारे में नहीं है। लड़ाई इस बारे में है कि क्या एक सिख के रूप में उन्हें भारत में पगड़ी पहनने की इजाजत दी जाएगी? या एक सिख के रूप में उन्हें भारत में कड़ा पहनने की इजाजत दी जाएगी?

## केंद्रीय गृह मंत्री शाह की अहम पहल

# साइबर ठगों पर कसेगी नकेल... 5000 साइबर कमांडो होंगे प्रशिक्षित

### साइबर अपराधों की जानकारी साझा करने के लिए बनेगा राष्ट्रीय पोर्टल

**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए कई नए कदमों की घोषणा की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने साइबर ठगों पर नकेल कसने के लिए 5,000 'साइबर कमांडो' को प्रशिक्षित करने, एक वेब-आधारित डेटा रजिस्ट्री स्थापित करने और साइबर अपराध की जानकारी साझा करने के लिए एक राष्ट्रीय पोर्टल बनाने का ऐलान किया है। गृह मंत्री शाह ने भविष्य में साइबर अपराधों को रोकने के लिए संदिग्धों की एक राष्ट्रीय रजिस्टर बनाने की भी बात कही है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध कोई सीमा नहीं देखते इसलिए साइबर सुरक्षा के बिना राष्ट्रीय सुरक्षा असंभव है। शाह ने मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4सी) के पहले स्थापना दिवस समारोह में कहा कि तकनीक मानव जीवन के लिए आशीर्वाद है,




लेकिन तकनीक के बढ़ते उपयोग से कई खतरे भी पैदा हो रहे हैं , इसीलिए साइबर सुरक्षा अब केवल डिजिटल दुनिया तक सीमित न रहकर राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम पहलू भी बन गई है।

### साइबर फ्रॉड मिटिगेशन सेंटर का होगा गठन

शाह ने कहा कि इसलिए साइबर सुरक्षा के बिना किसी भी देश का विकास असंभव है। शाह ने इस समारोह में विभिन्न बैंकों, वित्तीय मध्यस्थों, भुगतान एग्रीगेटर्स, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं, आईटी मध्यस्थों और राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ एक साइबर फ्रॉड मिटिगेशन सेंटर (सीएफएमसी) के गठन की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि ये सभी एजेंसियां ऑनलाइन वित्तीय अपराधों से निपटने के लिए तत्काल कार्रवाई और बिना किसी रुकावट के मिलकर काम करेंगी।

### समन्वय टीमों के गठन से अच्छे नतीजे

शाह ने कहा कि मेवात, जामताड़ा, अहमदाबाद, हैदराबाद, चंडीगढ़, विशाखापत्तनम और गुवाहाटी में सात संयुक्त साइबर समन्वय टीमों के गठन से अच्छे परिणाम मिले हैं और I4C ने साइबर दोस्त पहल के तहत विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल पर प्रभावी जागरूकता अभियान चलाया है।

### सटीक रणनीति बनानी होगी

उन्होंने कहा, अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें एक सटीक रणनीति बनानी होगी और एक ही दिशा में एक साथ आगे बढ़ना होगा। शाह ने कहा कि आई 4 सी जैसे प्लेटफॉर्म इस प्रकार के खतरों से निपटने में बहुत बड़ा योगदान कर सकते हैं। उन्होंने सभी हितधारकों के साथ मिलकर जागरूकता, समन्वय और साझा प्रयास को जारी रखने का आह्वान किया। गृह मंत्री ने कहा कि कोई भी एक संस्था अकेले साइबर स्पेस को सुरक्षित नहीं रख सकती। यह तभी संभव है जब सभी हितधारक एक ही मंच पर आकर एक ही तरीके और रास्ते पर आगे बढ़ें।

## ‘स्टार्टअप समिट और एक्सपो’ आज से, 3000 से अधिक युवा लेंगे भाग

# सक्सेसफुल स्टार्टअप के फाउंडर और स्टार्स सुनाएंगे सफलता के किस्से






बेधड़क | जयपुर

गुलाबी नगरी का मंच एक अद्भुद कहानी लिखने की तैयारी में है। यहां ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार किया गया, जो हो सकता है भविष्य में हजारों-करोड़ों का एम्पायर खड़ा कर दे। इसके लिए शहर में अलग-अलग फील्ड के स्टार्टअप को बढ़ावा देने, ईको सिस्टम को बेहतर बनाने और नए स्टार्टअप तैयार करने के लिए ‘स्टार्टअप समिट और एक्सपो’ होगा।

डिपार्टमेंट ऑफ इन्फ़ॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड कम्युनिकेशन के आई स्टार्ट और द एसोसिएशन चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) के तत्वावधान में 11-12 सितंबर को आरआईसी में देश भर के सक्सेसफुल स्टार्टअप के फाउंडर, यंग इनोवेटर्स, बॉलीवुड और ओटीटी स्टार्स भाग लेंगे। वे युवाओं को सफतला के किस्से सुनाएंगे। देश भर के 3000 से अधिक लोग हिस्सा लेंगे। इसके लिए जयपुर में पोस्टर विमोचन किया गया।

एसोचैम ऑफिस में एसोचैम राजस्थान चेयरपर्सन तुषार सोगानी, वाइस चेयर विष्णु मोहन और असिस्टेंट सेक्रेटरी जनरल नीरज अरोड़ा ने पोस्टर विमोचन के दौरान बताया कि राजस्थान सरकार के इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी एंड कम्युनिकेशन के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ मुख्य अतिथि होंगे। आईएएस अर्चना सिंह गेस्ट ऑफ ओनर होंगी। कार्यक्रम के पहले दिन 40 सेशन और राउंड टेबल आयोजित होंगे। इनमें स्टार्टअप को आगे कैसे बढ़ाएं, फाइनेंस, गेमिंग, आईटी, एवीजीसी, नवाचार, कौशल विकास जैसे विषयों पर एक्सपर्ट चर्चा करेंगे।

### पैनल डिस्कशन में सामने आएंगी नई बातें

पैनल डिस्कशन, मास्टर क्लास, राउंडटेबल, एक्सपो और नेटवर्किंग का संयोजन होगा। समिट राज्य के युवाओं को उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ सीखने, जुड़ने और नेटवर्क बनाने का अवसर देगा। समिट स्टार्टअप को फंडिंग तक पहुंचने और निवेशकों के सामने व्यावसायिक विचार प्रस्तुत करने में सक्षम बनाएगा। पहले दिन के सत्रों में चाय सुट्टा बार के को-फाउंडर अनुभव दुबे, इंडियन हैकर दिलराज सिंह, नो-ब्रोकर फाउंडर अखिल गुप्ता, कंटेंट क्रिएटर आत्मन देसाई और एक्ट्रेस अनुष्का कौशिक के सेशन मुख्य आकर्षण होंगे।

### इनोवेशन पर की जाएगी चर्चा

प्रोग्राम में 60 से ज्यादा स्टार्टअप्स आएंगे तो उनके लिए देश-दुनिया के दिग्गज सामने होंगे, जो उनको अवसर देंगे। साथ ही राजस्थान में आईटी, गेमिंग, एवीजीसी जैसे फील्ड में इनोवेशन के साथ एम्प्लॉयमेंट को बढ़ावा देने वाले इनोवेशन पर चर्चा की जाएगी।



## पिछवाई कला को देखने उमड़े कला प्रेमी

**जयपुर।** राजस्थान के प्रसिद्ध ट्रेडिशनल आर्टफॉर्म पिछवाई की विलासिता देश की राजधानी दिल्ली जा पहुंची। इंडिया गेट स्थित बीकानेर हाउस में राजस्थान पर्यटन और रघुकुल ट्रस्ट के सहयोग से दर्शनम पिछवाई काला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग 30 कलाकारों ने पेंटिंग्स को कलाप्रेमियों के लिए दर्शाया। प्रदर्शनी में राजस्थान के कलाकार विजेंद्र बंसल की कलाकृतियां खास हैं। इस दौरान निःशुल्क पिचवाई कला कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चे, इंटीरियर्स डिजाइनर और अन्य लोगों ने हिस्सा लिया। रघुकुल ट्रस्ट की चेयरपर्सन साधना गर्ग ने बताया कि दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के आस-पास गाजियाबाद, फरीदाबाद, और गुड़गांव के बच्चों ने भाग लिया और नामी पिछवाई कलाकारों से पिछवाई की कला के विभिन्न पहलुओं को समझाया गया।

## आचार्य गोपी कृष्ण लाइफ टाइम एचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित




**बेधड़क. जयपुर।** श्री गोविंददेव जी मंदिर में श्री वेदामृतम संस्थान एवं ग्लोबल फाउंडेशन ऑफ एस्ट्रोलोजिकल साइसेंज दिल्ली के तत्वावधान मे आयोजित अंतरराष्ट्रीय विद्वत सम्मान व ज्योतिष अधिवेशन आयोजित किया गया। इसमें जयपुर के वरिष्ठ ज्योतिषि आचार्य गोपी कृष्ण शुक्ला को सर्वोच्च पुरस्कार ‘लाइफ टाइम एचीवमेंट अवॉर्ड’ द्वारा सम्मानित किया गया। शुक्ला ने गूढ़ ज्योतिषिय एवं खगोलीय सूत्रों का विश्लेषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य और नेपाली बाबा थे।

### संगीत नाट्य समारोह 13 से

**बेधड़क. जयपुर।** गोपीजी भट्ट स्मृति संगीत नाट्य समारोह-2024 का आयोजन 13 सितंबर से किया जाएगा। तीन दिन चलने वाले आयोजन में पहले दिन एक अजीब दास्तां नाटक का आयोजन होगा तो दूसरे दिन ऊपरी हवा का मंचन किया जाएगा। इसी प्रकार अंतिम दिन 15 सितंबर को शिव महिमा की संगीतमय प्रस्तुति की जाएगी। इस निःशुल्क प्रोग्राम में रोजाना रवींद्र मंच पर 20 मिनट के संवाद होंगे और नाटकों की प्रस्तुति की जाएगी।

## NTR की देवरा का ट्रेलर रिलीज



**बेधड़क. जयपुर।** जूनियर एनटीआर की पहली सोलो पेन इंडिया फिल्म देवरा का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज किया गया। फिल्म में जूनियर एनटीआर की हीरोइन बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर है। मूवी में विलन भी बॉलीवुड से है, सैफ अली खान। ओमकारा का लंगड़ा त्यागी एक बार फिर निगेटिव किरदार में उतरने जा रहा है। बता दें कि ओमकारा के लंगड़ा त्यागी ने सैफ अली खान के कॅरिअर को एक नई दिशा दी थी। कोर्टाला शिवा के निर्देशन में बनी देवरा 27 सितंबर को सिनेमाघरों में पहुंचेगी।

# City इवेंट्स

### प्रणम्य सागर का अवतरण दिवस आज



**बेधड़क. जयपुर।** मानसरोवर के मीरामार्ग स्थित आदिनाथ भवन में चातुर्मास कर रहे अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर का 49वां अवतरण दिवस बुधवार को मनाया जाएगा। अध्यक्ष सुशील पहाड़िया व मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि मानसरोवर के गौखले मार्ग स्थित सामुदायिक केन्द्र सेक्टर 9 में दोपहर 2 बजे होने वाले आयोजन में 49 श्रावक श्रेष्ठी मुनिश्री के पाद पक्षालन व शास्त्र भेंट करने का पुण्यार्जन करेगें। शाम को महाआरती होगी, जिसमें श्रद्धालु दीपक लाएंगे।

### मैग्नम ओपस ‘डोसा किंग’ अनाउंस

**बेधड़क, जयपुर।** जयपुराइट्स को मेगा स्टार एक बार फिर एंटरटेन करेंगे। ऐसे में अब जयपुराइट्स का इंतजार खत्म होने को है, क्योंकि ‘वेट्टैयान’ के बाद अब निर्देशक टीजे ज्ञानवेल जंगली पिक्चर्स की डोसा किंग के साथ एक और सिनेमैटिक मैग्नम ओपस लेकर आएंगे, जिसकी अनाउंसमेंट की गई। बधाई दो और राजी जैसी फिल्में बनाने के लिए जाने जाने वाले जंगली पिक्चर्स ने इस एपिक कहानी को पर्दे पर लाने के लिए ज्ञानवेल के साथ मिलकर काम किया है। डोसा किंग रेस्टोरेंट के मालिक के चौंकाने वाले क्राइम से प्रेरित है, जिसे ‘डोसा किंग’ के नाम से जाना जाता है। उसने 18 साल की कड़ी कानूनी लड़ाई पी. राजगोपाल बनाम तमिलनाडु राज्य के बाद एक ऐतिहासिक सजा पाई।

### आत्म गृह में प्रवेश के लिए सरलता जरूरी



**बेधड़क, जयपुर।** धर्मनगरी आडूल में विराजित प्रज्ञायोगी दिगम्बर जैनाचार्य श्रीगुप्तिनंदीजी गुरुदेव ने विचार रखे। धर्म की 10 दिनों की पाठशाला में पहले क्रोध के विनाश के लिए क्षमा समता का पाठ सीखा था। फिर मान के परिहार के लिए फल-फूल से लदे विनम्र वृक्ष के समान विनम्र होना सीखा। अब ऋजुता, सरलता, आर्जव भाव को पाना है सीखा। प्रायः सभी देखते हैं कि नागराज बाहर कितना ही लहराए, आढ़ा-टेढ़ा चले, लेकिन बिल में प्रवेश करते समय उसे सीधा सरल होना पड़ेगा। तभी वह बिल में प्रवेश कर सकता है। इसी तरह संसारी प्राणी संसार में कितना कुटिल वक्र बना रहे, कितना ही मायाचार कर ले, लेकिन अपने आत्म गृह में प्रवेश करने के लिए उसे एकदम सरल-सीधा बनना ही पड़ेगा।

### दशलक्षण महापर्व में मनाया उत्तम आर्जव लक्षण

## जो विचार मन में हो वही बात अपनी कथनी में कहनी चाहिए



बेधड़क | जयपुर

दिगम्बर जैन धर्मावलंबियों के चल रहे दशलक्षण महापर्व में वीतराग धर्म का लक्षण उत्तम आर्जव मनाया गया। इस मौके पर शहर के मंदिरों में पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन किए गए।

राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन ने बताया कि दिगम्बर जैन मंदिरों में सुबह श्रीजी के अभिषेक, शांतिधारा के बाद दशलक्षण धर्म की विधान मंडल पर अष्ट द्रव्य से पूजा की गई। इस मौके पर संतों व विद्वानों ने उत्तम आर्जव पर प्रवचन दिया। इसमें बताया गया कि कपट न कीजे कोय, चोरन के पुर ना बसे। सरल सुभावी होय, ताके घर बहु सम्पदा।। उत्तम आर्जव रीति बखानी, रंचक दगा बहुत दुखदानी।

मन में होय सो सचन उचरिये, वचन होय सो तन सौ करिये।। अर्थात मनुष्य को सरल स्वभावी होना चाहिए। जो उसके मन में हो वही बात अपनी कथनी में कहनी चाहिए। किसी को दगा नहीं देना चाहिए। किसी के प्रति छल कपट की भावना नहीं रखनी चाहिए। पूजा के दौरान आर्जव धर्म की संगीतमय पूजा की गई। अब बुधवार को वीतराग धर्म का उत्तम शौच लक्षण मनाया जाएगा। कई स्थानों पर वीतराग धर्म का उत्तम सत्य लक्षण होगा। शाम को गायक शिखर चन्द जैन व सुशील झांझरी के निर्देशन में णमोकार महामंत्र के जाप तथा 48 दीपकों द्वारा ऋद्धि मंत्रों से युक्त भक्तामर महाअर्चना होगी। दशलक्षण महापर्व मंगलवार 17 सितम्बर तक चलेगा।

### 13 से 15 को होने वाले आयोजन को लेकर चर्चा

## वेडिंग, इंसेंटिव, कॉन्फ्रेंस और इवेंट थीम पर होगा RDTM



बेधड़क | जयपुर

होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स फैडरेशन ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) के प्रतिनिधिमंडल ने पर्यटन सचिव रवि जैन से मुलाकात कर 13 से 15 सितंबर तक होने वाले राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) की तैयारी पर चर्चा की। पर्यटन सचिव ने आगामी इंटरनेशनल टॉप रेसा पेरिस ट्रैवल मार्ट में एफएचटीआर की भागीदारी की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन राजस्थान की वैश्विक पर्यटन पहचान को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बैठक में एफएचटीआर अध्यक्ष कुलदीप सिंह चांदेला, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुरेंद्र सिंह शाहपुरा, वाइस प्रेसिडेंट खालिद खान और कार्यकारी सदस्य सतिंदर पाल सिंह उपस्थित थे। इस वर्ष के आरडीटीएम की थीम वेडिंग, इंसेंटिव, कॉन्फ्रेंस और इवेंट है। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी मुख्य अतिथि होंगे। यह मार्ट घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर और प्राकृतिक सौंदर्य को प्रदर्शित करेगा। आरडीटीएम का उद्देश्य राज्य के भीतर और बाहर से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करना और राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना है। मार्ट विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों में उत्पादों का प्रदर्शन करने का अवसर देगा और बी2बी मीटिंग्स से व्यापारिक अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। मार्ट में 7 हजार से ज्यादा ट्रैवल प्लानर्स, टूर ऑपरेटर्स और होटलियर्स मार्ट में शामिल होंगे।

**मासिक संगोष्ठी** महिला उत्पीड़न पर विशेषज्ञों ने जयपुर में रखे विचार

## आज समाज ऐसा जहां स्त्री को भोग्या मानने की मानसिकता



बेधड़क | जयपुर

मुक्तमंच की ओर से योग साधना आश्रम में ‘महिला उत्पीड़न व सामाजिक दायित्व’ विषय डॉ. पुष्पलता गर्ग के सान्निध्य, डॉ. नरेन्द्र शर्मा कुसुम की अध्यक्षता व ‘शब्द ससार’ अध्यक्ष श्रीकृष्ण शर्मा के संयोजन में 87वीं मासिक संगोष्ठी हुई।

आईएएस रिटा. अरुण ओझा मुख्य अतिथि थे। संगोष्ठी अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र शर्मा ने कहा कि महिला उत्पीड़न का अभिशाप बहुत पुराना है। महिला उत्पीड़न का मूल कारण सामाजिक, मानसिक, मनोवैज्ञानिक, आर्थिक व जातिगत तथा व्यक्ति का विकृत मस्तिष्क है। ‘शब्द संसार’ अध्यक्ष श्रीकृष्ण शर्मा ने कहा कि मासूम बच्चों तथा महिलाओं से छेड़छाड़, बलात्कार की घटनाओं पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि वे विचलित, निःशब्द और दुःखी हैं।

### प्राचीनकाल में नारी सत्तात्मक समाज था

मुख्य अतिथि आईएएस रिटा. अरुण ओझा ने कहा कि हम पुरुष प्रधान समाज में रह रहे हैं, जहां स्त्री को भोग्या मानने की मानसिकता है। यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते तत्र देवता रमन्ते की धारणा है, जबकि प्राचीनकाल में नारी सत्तात्मक समाज था। सब कुछ उसी के नियंत्रण में था, किन्तु अब पुरुष ही घर का कर्ताधर्ता है। नारी-पुरुष को बराबरी का दर्जा मिलना चाहिए।

### समाज सुधारकों को आना होगा आगे

चिन्तक डॉ. सुभाष गुप्ता ने कहा कि बीएचयू में गैंगरेप के अपराधियों को जमानत मिलने का क्या मतलब है? कोलकाता बलात्कार और हत्या प्रकरण में राजनीतिक संरक्षण की तीव्र गंध आ रही है। जब तक समाज सुधारक बलात्कार जैसी समस्या के समाधान को अपने हाथ में नहीं लेंगे तब तक कोई हल नहीं होने वाला। फास्ट ट्रेक कोर्ट्स से कुछ उम्मीद बंधती है, लेकिन ठोस कुछ हुआ नहीं।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, बुधवार, 11 सितंबर, 2024




ज्ञान का इस्तेमाल न करना अज्ञानता से बुरा है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

140 से अधिक ड्रोन से बरसाए बम

# यूक्रेन ने रूस पर किया सबसे बड़ा ड्रोन अटैक

एजेंसी | मॉस्को

रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है। इस बीच यूक्रेन ने रूस पर घातक हमले किए हैं। यूक्रेन की तरफ से दागे गए 140 से अधिक ड्रोन ने राजधानी मॉस्को सहित कई क्षेत्रों को निशाना बनाया है।

यूक्रेन की तरफ से रूस पर किया गया हमला अब तक के सबसे बड़े हमलों में से एक है। रूसी अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी है।

मॉस्को क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने बताया कि मॉस्को के पास रामेंस्कोए शहर में ड्रोन ने दो बहु-मंजिला आवासीय इमारतों को निशाना बनाया जिससे उनमें आग लग गई।

## मॉस्को सहित कई क्षेत्रों को बनाया निशाना




### मॉस्को के पास तीन हवाई अड्डों को करना पड़ा बंद

आंद्रेई वोरोब्योव ने बताया कि इस हमले में एक महिला की मौत हो गई और तीन लोग घायल हुए हैं। वोरोब्योव ने बताया कि क्षतिग्रस्त इमारतों के पास पांच आवासीय इमारतों को खाली करा लिया गया है। हमले के कारण अधिकारियों को मॉस्को के पास स्थित तीन हवाई अड्डों- वनुकोवो, डोमोडेडोवो और जुकोवस्की को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा है। रूस के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण रोसावियात्सिया के अनुसार, कुल 48 उड़ानों को दूसरे हवाई अड्डों पर भेजा गया है।

### रूस की सेना ने मार गिराए ड्रोन

मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने कहा मॉस्को में ड्रोन हमले का मलबा शहर के बाहरी इलाके में एक निजी घर पर जा गिरा, लेकिन इसमें कोई हताहत नहीं हुआ, उन्होंने मॉस्को की ओर बढ़ रहे दर्जनों ड्रोन को देखा जिन्हें शहर के करीब आते ही सेना ने मार गिराया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने नौ रूसी क्षेत्रों में यूक्रेन द्वारा दागे गए कुल 144 ड्रोन को मार गिराया है।



बर्लिन में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने की समाधान की पैरवी

### 'रूस-यूक्रेन को करनी होगी बात


**बर्लिन।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष का समाधान जंग के मैदान पर नहीं निकलेगा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को बातचीत करनी होगी। अगर वे सलाह चाहते हैं, तो भारत हमेशा मदद के लिए तैयार है। जयशंकर ने जर्मन विदेश मंत्रालय के वार्षिक राजदूत सम्मेलन के दौरान यह टिप्पणी की। इससे एक दिन पहले सऊदी अरब की राजधानी में भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) की बैठक के इतर जयशंकर ने अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ भी मुलाकात की। विदेश मंत्री ने कहा, "हम नहीं मानते हैं कि इस संघर्ष का समाधान जंग के मैदान पर होगा। एक वक्त दोनों पक्षों (रूस और यूक्रेन) को बातचीत के लिए बैठना होगा।" उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूस और यूक्रेन दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी ने मॉस्को और कीव में कहा कि आज युद्ध का युग नहीं है। उन्होंने कहा, "समाधान युद्ध से नहीं मिलेगा। हमें लगता है कि बातचीत करनी होगी...अगर आप सलाह चाहते हैं, तो हम हमेशा इसके लिए तैयार हैं।"

टेस्ला के सीईओ का डेमोक्रेट्स पर हमला

# ट्रंप हार जाते हैं तो आखिरी वास्तविक चुनाव होगा: मस्क

एजेंसी | वॉशिंगटन

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने एक बार फिर अवैध प्रवासियों के मुद्दे को लेकर डेमोक्रेटिक पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि अगर डोनाल्ड ट्रंप हार जाते हैं तो आगामी राष्ट्रपति चुनाव संयुक्त राज्य अमेरिका में आखिरी वास्तविक चुनाव होगा। बता दें, अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। ऐसे में, डेमोक्रेट्स की ओर से उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और रिपब्लिकन की ओर से ट्रंप चुनावी मैदान में हैं। अरबपति ने आरोप लगाया कि डेमोक्रेट्स 1.5 करोड़ अवैध प्रवासियों को वैध बनाना चाहते हैं और अधिक शरणार्थियों को लाना चाहते हैं, जो उन्हें स्विंग राज्यों को जीतने और अमेरिका को एक-पक्षीय राज्य में बदलने में मदद कर सकता है।



### आव्रजन प्रणाली में हो सुधार: हैरिस

इन सबके बीच, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अवैध प्रवासियों को नागरिकता दिलाने के लिए रास्ता स्थापित करने की कसम खाई है। हैरिस की अभियान वेबसाइट पर लिखा हुआ है, 'वह जानती हैं कि हमारी आव्रजन प्रणाली खत्म सी है और इसमें व्यापक सुधार की आवश्यकता है, जिसमें मजबूत सीमा सुरक्षा और नागरिकता के लिए अर्जित मार्ग शामिल हो।'

### क्या बोले टेस्ला सीईओ?

मस्क ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'डेमोक्रेटिक पार्टी के लगभग सभी नेताओं का एक ही लक्ष्य है 1.5 करोड़ अवैध प्रवासियों को जल्द से जल्द वैध बनाना। इसके साथ-साथ लाखों और लोगों को देश में लाना है। इससे स्विंग राज्य में उनके जीतने की संभावना अधिक हो जाएगी। ठीक उसी तरह जैसे कैलिफोर्निया में 1986 में हुआ था। अमेरिका को स्थायी एक-पक्षीय देश में बदल दिया था। उन्होंने आगे कहा कि अगर डोनाल्ड ट्रंप चुनाव हार जाते हैं तो यह आखिरी वास्तविक चुनाव है। गौरतलब है, अवैध आव्रजन संयुक्त राज्य अमेरिका में एक प्रमुख मुद्दा रहा है। इस पर डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में आए दिन तनातनी बनी रहती है।

35 जिलों में करीब 3700 सरकारी स्कूल बंद

# बलूचिस्तान को बर्बाद करने पर तुला पाक

एजेंसी | बलूचिस्तान

पाकिस्तान की ओर से बलूचिस्तान को बर्बाद करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। बलूचिस्तान के शिक्षा मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी से बड़ा चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।

बलूचिस्तान के 35 जिलों में अब तक 3 हजार से ज्यादा स्कूल बंद हो चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक फरवरी में नई सरकार के कार्यभार संभालने के बाद से 542 स्कूलों को



बंद करना पड़ा है, ताजा आंकड़ों के मुताबिक 2 सितंबर तक प्रांत में कुल 3694 स्कूल बंद हो चुके हैं। इन स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है जिसके चलते इन्हें बंद करना पड़ा।दरअसल बलूचिस्तान असेंबली के एक सदस्य ने मंत्रालय से इस मामले में लिखित में जवाब मांगा था, हालांकि इस सदस्य की गैर-मौजूदगी के कारण शिक्षा विभाग का जवाब असेंबली में पेश नहीं किया जा सका। अब अगली बैठक में यह जवाब असेंबली में पेश किया जाएगा।

### 16 हजार शिक्षकों की कमी

बलूचिस्तान के शिक्षा विभाग ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि फिल्हाल पूरे प्रांत में 15096 सरकारी स्कूल हैं, इनमें 48,841 शिक्षक बच्चों को पढ़ाते हैं। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक बंद हुए स्कूलों को दोबारा शुरू करने के लिए बलूचिस्तान प्रांत में कुल 16 हजार शिक्षकों की जरूरत है।

## हमास के हमले के बाद गाजा पट्टी में इजराइल के हमले

**खान यूनिस।** हमास के हमले के बाद से गाजा पट्टी पर इजराइली हमले लगातार जारी हैं। 10 सितंबर की सुबह इजराइली सेना ने फिलिस्तीनी क्षेत्र के दक्षिण में हमला किया, इस हमले में 40 लोग मारे गए और 60 लोगों के घायल होने की खबर है। इजराइली सेना ने अल-मवासी इलाके में एक टेंट कैंप में 4 मिसाइल दागी। ये हमला गाजा के खान यूनिस शहर के अल-मवासी इलाके में किया गया है।

### यूनिस शहर में 20 टेंटों में लगी आग

गाजा के खान यूनिस शहर में जिस जगह को निशाना बनाया गया, ये वही इलाका है जिसको इजराइली सेना ने युद्ध शुरू होने पर सुरक्षित इलाका बताया था। हजारों फिलिस्तीनियों ने यहां शरण ली थी, लेकिन अब यहां के हालात कुछ और ही हैं। मिली जानकारी के मुताबिक हमले से 20 टेंटों में आग लगी है। हमले के बाद अब इजराइली सेना का बयान भी सामने आया है।

दुबई की शहजादी ने दुनिया का खींचा ध्यान

# तलाक के बाद परफ्यूम बैंड 'डायवोर्स' लॉन्च

■ शेख माहरा का हाल ही में हुआ था पति से तलाक

एजेंसी | दुबई

यूएई के उपराष्ट्रपति और दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की बेटी शहजादी शेखा माहरा एक बार फिर चर्चा में आ गई हैं। उन्होंने हाल ही में अपने पति शेख माना बिन मोहम्मद बिन राशिद बिन माना अल मकतूम को तलाक देकर सुर्खियां बंटोरी थीं। अब माहरा ने एक नए परफ्यूम को लॉन्च करके लोगों का ध्यान खींच लिया है। दरअसल, परफ्यूम का नाम 'डायवोर्स' रखा है। इसकी वजह से सोशल मीडिया पर जमकर इसकी बात हो रही है।




### इसलिए पति से हुईं अलग

बता दें, शेखा माहरा ने जुलाई में अपने पति को सार्वजनिक रूप से तलाक दिया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इसका एलान किया था। माहरा ने लिखा था, 'प्रिय पति, चूंकि आप किसी और के साथ हैं, इसलिए मैं अपने तलाक का एलान करती हूं। मैं आपको तलाक देती हूं, मैं आपको तलाक देती हूं और मैं आपको तलाक देती हूं, अपना ख्याल रखें। आपकी पूर्व पत्नी।'



### सोशल मीडिया पर दी जानकारी

दुबई की 30 वर्षीय राजकुमारी ने अपने ब्रांड माहरा एम 1 के तहत डायवोर्स नाम से परफ्यूम लॉन्च किया है। दुबई के शासक की बेटी ने इसकी जानकारी सोमवार को इंस्टाग्राम पर दी। उन्होंने प्रोडक्ट का एक टीजर साझा किया है। उनकी पोस्ट में एक काली रंग की सुंदर बोतल पर डायवोर्स लिखा हुआ दिखाया गया है। वहीं, टीजर में टूटे हुए कांच, काली पंखुड़ियों और एक काले पैंथर को दिखाया गया। टीजर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl